सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-355, पृष्ठ : 12 | शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

### कोलकाता लॉ स्टूडेंट गैंगरेप केस

## क्राइम सीन किया रीक्रिएट



### पुलिस सुबह 4.30 बजे आरोपियों को लेकर कॉलेज पहुंची; 25 जून को हुई थी घटना

**कोलकाता।** पुलिस ने आज को लॉ कॉलेज स्टूडेंट से गैंगरेप की जांच के सिलसिले में क्राइम सीन रीक्रिएट किया। पुलिस गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों के साथ साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज पहुंची थी।

तीनों मुख्य आरोपियों मोनोजीत मिश्रा, मौजूदा स्टूडेंट प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद और सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को सुबह करीब 4.30 बजे कॉलेज ले जाया गया। इस प्रक्रिया को पूरा करने में करीब चार घंटे लगे। इसके बाद सभी को पुलिस स्टेशन वापस लाया गया। पुलिस के अफसर ने बताया कि जो नतीजे मिले हैं, उनसे अब महिला के आरोपों से जांच की जाएगी और बाकी सबूतों से पुष्टि की जाएगी। सुरक्षा गार्ड पिनाकी को दोपहर बाद अदालत में पेश किया जाएगा, क्योंकि उसकी पुलिस रिमांड 4 जुलाई तक है। मामले की जांच फिलहाल कोलकाता पुलिस का डिटेक्टिव डिपार्टमेंट कर रहा है। घटना 25 जून को पश्चिम बंगाल की राजधानी के कस्बा क्षेत्र में साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई। 5 दिन बाद, 30 जून को कोलकाता पुलिस ने तीन मुख्य आरोपियों को 12 घंटे से भी कम समय में गिरफ्तार किया था।

## रूस ने अफगानिस्तान में दी तालिबान सरकार को मान्यता

**मास्को।** अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता को रूस ने आधिकारिक मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला रूस दुनिया का पहला देश बन गया है। यह घोषणा काबुल में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और अफगानिस्तान में रूस के राजदूत दिमित्री झिरनोव के बीच हुई बैठक के बाद की गई। तालिबान सरकार ने रूस के इस कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया है। मुत्ताकी ने बैठक के बाद जारी एक वीडियो बयान में कहा, यह साहसी फैसला दूसरों के लिए एक मिसाल बनेगा। अब मान्यता की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, रूस सबसे आगे रहा। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद तकाल ने भी पुष्टि करते हुए कहा कि रूस पहला देश है जिसने इस्लामिक अमीरात को आधिकारिक मान्यता दी है।



## लैंडस्लाइड: केदारनाथ मार्ग बंद, हिमाचल में 37 मरे

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लगातार बारिश के कारण अलकनंदा उफान पर है। इसके किनारे बने घर डूब गए हैं। वहीं, केदारनाथ यात्रा के पड़ाव गौरीकुंड में लैंडस्लाइड के बाद रूट ब्लॉक हो गया है। बद्रीनाथ हाईवे पर नंदप्रयाग और भनेरपानी के पास लैंडस्लाइड से रास्ता बंद हो गया था, उसे अब खोल दिया गया है। मध्य प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। राजस्थान के जालोर में गुरुवार को राज्य की सबसे ज्यादा 136 बरसात दर्ज की गई। भीलवाड़ा में घरों में बारिश का पानी घुस गया, मौके पर पहुंचे भाजपा नेता को भीड़ ने पीट दिया।



हिमाचल प्रदेश में तेज बारिश और लैंडस्लाइड से अब तक 37 लोगों की जान जा चुकी है और करीब 400 करोड़ की संपत्ति का नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा असर मंडी जिले में पड़ा है, जहां कई सड़कें बंद हैं और जरूरी सेवाएं ठप हो गई हैं। ओडिशा में भी बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। बालासोर जिले में बाढ़ से हालात गंभीर बने हुए हैं। यहां सुबणरिखा नदी में आई बाढ़ के कारण 35 गांव अभी भी पानी में डूबे हुए हैं और बाकी इलाकों से कटे हुए हैं। मौसम विभाग का कहना है कि मानसून इस वक्त पूरी तरह एक्टिव मोड में है। इसलिए महाराष्ट्र-राजस्थान समेत 13 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।



## अमरनाथ यात्रा के पहले दिन 12,348 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए



**जम्मू।** पग-पग पर बेहतर सुविधाएं, चौड़ा मार्ग और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था। न आतंकी खौफ, न कोई चिंता। बाबा बर्फानी की भक्ति में लीन शिवभक्त पैदल, घोड़े व पिट्ठू-पालकी में सवार होकर शिव के धाम पहुंचे।

श्री अमरनाथ की पवित्र गुफा में विराजमान हिमलिंग स्वरूप भगवान शिव के प्रथम दर्शन के साथ ही गुरुवार को वार्षिक यात्रा भी शुरू हो गई। पहले जत्थे में बालटाल मार्ग से गए 12,348 श्रद्धालुओं ने माथा टेका। केंद्रीय राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने भी पहले दिन दर्शन किए।

उधर, पहलगाम से तड़के पवित्र गुफा की ओर रवाना हुए श्रद्धालु अभी रास्ते में हैं और वे शनिवार तड़के दर्शन करेंगे। इस बीच, जम्मू से तड़के 5,246 श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था यात्रा के लिए रवाना हुआ। इनमें पहलगाम मार्ग से 3,247 और बालटाल मार्ग के लिए 1,999 श्रद्धालु रवाना हुआ।

शाम को दोनों जत्थे अपने-अपने आधार शिविरों में पहुंच गए। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद इस बार श्री अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं के उत्साह ने पूरी दुनिया को संदेश दिया है कि भारत आतंकवाद के आगे न झुकेगा-न रुकेगा। वहीं, शुक्रवार को तीर्थयात्रियों का तीसरा जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच यात्री निवास, पंथा चौक, श्रीनगर से बालटाल और नुनवान आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ।

**बम-बम भोले के जयघोष के साथ आगे बढ़े यात्री**

बालटाल शिविर से रवाना हुए श्रद्धालु व साधु-संत बम-बम भोले के जयघोष लगाते आगे बढ़ते गए। रास्ते में अगर किसी श्रद्धालु को चलने में कठिनाई हुई या सांस लेने में दिक्कत हुए तो सुरक्षा कर्मियों से लेकर स्वास्थ्य कर्मी आक्सीजन के साथ उनकी पूरी मदद करते नजर आए। जगह-जगह लगाए गए भंडारों में भी सेवादार हाथ जोड़े श्रद्धालुओं का स्वागत करते नजर आए। श्रद्धालु जम्मू-कश्मीर प्रशासन व श्राइन बोर्ड की व्यवस्था से संतुष्ट नजर आए।

शिवमय हुए जम्मू यात्री निवास, बालटाल और पहलगाम के आधार शिविर जम्मू में यात्री निवास की तरह कश्मीर में बालटाल और पहलगाम आधार शिविर भी शिवमय हो चुके हैं। तीनों आधार शिविरों में शिव भजनों के साथ भंडारे और आते-जाते श्रद्धालुओं से माहौल उत्सव की तरह प्रतीत हो रहा है। बालटाल और पहलगाम में श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए लगाए गए हजारों टैंट किसी विशाल टेंट सिटी की तरह लग रहे हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहले ही बालटाल और पहलगाम पहुंच गए हैं, हालांकि प्रशासन ने इस बार किसी भी यात्री को जम्मू से बिना सुरक्षा घेरे में यात्रा पर न जाने की बात कहीं थी।

### त्रिनिदाद में मोदी बोले- भारतीय प्रवासी दिलों में रामायण लाए

# आपने अपनी मिट्टी छोड़ी लेकिन संस्कार नहीं छोड़े

**पोर्ट आफ स्पेन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार तड़के त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आपके पूर्वजों ने जो मुश्किलें झेलीं, वे सबसे मजबूत इरादों को भी तोड़ सकती थीं। साथ ही, उन्होंने उम्मीद के साथ कठिनाइयों का सामना किया। पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय की यात्रा को साहस की मिसाल बताया। पीएम ने कहा- वे (भारतीय प्रवासी) गंगा और यमुना को पीछे छोड़ आए, लेकिन अपने दिल में रामायण को साथ लाए।

उनके योगदान ने इस देश को सांस्कृतिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध किया है। वे अपनी मिट्टी छोड़ आए, लेकिन अपने संस्कार नहीं छोड़े। वे सिर्फ प्रवासी नहीं थे, बल्कि एक सभ्यता के दूत थे।

पीएम मोदी ने ऐलान किया कि भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को भी ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया कार्ड दिया जाएगा। प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी शुक्रवार तड़के त्रिनिदाद और टोबैगो की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर और उनके 38 मंत्रियों और चार सांसदों ने एयरपोर्ट पर मोदी की अगवानी की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी त्रिनिदाद और टोबैगो की यात्रा के दौरान वहां की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर को महाकुंभ के संगम और सरयू नदी का पवित्र जल दिया। साथ ही उन्हें श्री राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए इसका जिक्र करते कहा, ₹...आप सभी जानते हैं कि इस वर्ष की शुरूआत में दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम महाकुंभ हुआ था। मुझे महाकुंभ का जल अपने साथ ले आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं कमला जी से अनुरोध करता हूं कि वे सरयू नदी और महाकुंभ का पवित्र जल यहां गंगा धारा में अर्पित करें।₹ पीएम मोदी के अनुरोध पर त्रिनिदाद और टोबैगो की कमला प्रसाद-बिसेसर ने गंगा का धारा में महाकुंभ का जल अर्पित किया। इसके बाद पीएम मोदी ने उन्हें अयोध्या में 500 साल बाद बनाए गए श्रीराम मंदिर की प्रतिमा भेंट की।

**प्रधानमंत्री कमला बिहार की बेटी**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ₹प्रधानमंत्री कमला जी के पूर्वज बिहार के बक्सर में रहा करते थे। कमला जी स्वयं वहां जाकर भी आई हैं। लोग इन्हें बिहार की बेटी मानते हैं। यहां उपस्थित अनेक लोगों के पूर्वज बिहार से ही आए हैं। बिहार की विरासत भारत के साथ ही दुनिया का भी गौरव है। लोकतंत्र हो, राजनीति हो, कूटनीति हो, उच्च शिक्षा हो, बिहार ने सदियों पहले दुनिया को ऐसे अनेक विषयों में नई दिशा दिखाई थी। मुझे विश्वास है कि 21वीं सदी की दुनिया के लिए भी बिहार की धरती से नई प्रेरणाएं और नए अवसर निकलेंगे।

## यूपी में ऑक्सीटोसीन इंजेक्शन की तस्करी

**लखनऊ।** ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की तस्करी दिल्ली और बिहार से की जा रही है। मुनाफे के लालच में तस्कर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। थोक में तस्कर 20 रुपये में 100 मिली लीटर की दर से ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन खरीदते हैं। इसके बाद इसमें मिलावट कर अपने गिरोह के लोगों को 80 रुपये में बेचते हैं। गिरोह के सदस्य फुटकर में किसानों और डेयरी संचालकों को यही इंजेक्शन दो सौ रुपये में सप्लाई करते हैं।

एसटीएफ की पड़ताल में सामने आया है कि लखनऊ के अलावा, सीतापुर, बाराबंकी, हरदोई, बलरामपुर, बहराइच, उन्नाव समेत आसपास के कई जिलों में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की कालाबाजारी हो रही है। सब्जी और फलों में इसका ज्यादा दुरुपयोग हो रहा है। किसान सब्जियों और फलों का आकार बढ़ाने के लिए इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं, पशुपालक गाय और भैंस को इंजेक्शन लगाकर दूध निकाल रहे हैं। इससे लोगों के हार्मोस पर प्रभाव पड़ रहा है।

दूध में आती है अजीब सी महकः दुधारू पशुओं को अगर ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन लगाया गया है तो उनके दूध में एक अजीब सी महक रहती है। अगर आप दूध खरीद रहे हैं तो उसकी महक से इसका पता लगा सकते हैं। हालांकि लोग जल्दबाजी में फौरन दूध को गरम कर देते हैं, जिससे इंजेक्शन की महक निकल जाती है। एसटीएफ के मुताबिक, ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन में तस्कर पानी, नमक और एक नशीला पाउडर भी मिलाते हैं।

## ओडिशा भाजपा नेता जगन्नाथ प्रधान गिरफ्तार



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में भुवनेश्वर नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर की पिटाई मामले में भाजपा नेता जगन्नाथ प्रधान की गिरफ्तार हुई है। उन्होंने गुरुवार शाम पुलिस के सामने सरेंडर किया। अब तक मामले में 6 लोगों की गिरफ्तारी हो गई है।

प्रधान ने कहा- 'मैं जांच में सहयोग करने के लिए आया हूं। अगर मेरी गिरफ्तारी से मामला हल हो जाता है तो मैं सहयोग करने के लिए तैयार हूं।' साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें और उनकी पार्टी को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। दरअसल, भाजपा नेता पर आरोप है कि उनके समर्थकों ने के एडिशनल कमिश्नर रत्नाकर साहू की जनसुनवाई के दौरान पिटाई कर दी थी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में 6-8 लोग साहू को गालियां देते और लगातार घूंसे मारते दिख रहे थे।

## आईएसएस पर अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने पूरा किया एक सप्ताह

**नई दिल्ली।** निजी स्पेस कंपनी एक्सिओम के एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर (आईएसएस) गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक सप्ताह पूरा कर लिया है। इस दौरान उन्होंने यहां कई शोध किए हैं। बुधवार को छुट्टी के दिन शुभांशु ने पृथ्वी पर अपने परिजनों से बात की। इसके बाद शोध कार्यक्रम को फिर से शुरू करने के लिए तैयारी की।

एक्सिओम स्पेस ने अपने आधिकारिक ब्लॉग में कहा एक्सिओम मिशन 4 (एक्स -4) चालक दल के कमांडर पैगी व्हिटसन, पायलट शुभांशु शुक्ला, मिशन विशेषज्ञ स्लावोज सुवे उज्नानस्की-विस्नीवस्की और टिबोर



कापू ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर एक पूरा सप्ताह बिता दिया है। 26 जून को डॉकिंग के बाद से बुधवार के अंत तक अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी के चारों ओर लगभग 113 परिक्रमाएं पूरी कर चुके हैं। बुधवार को चालक दल ने ऑफ-ड्यूटी दिन का आनंद लिया। इससे उन्हें रिचार्ज करने और पृथ्वी पर परिवार और दोस्तों से जुड़ने का मौका मिला। गुरुवार को चालक दल वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के व्यस्त कार्यक्रम में वापस आ जाएंगे। यह सप्ताहांत तक जारी रहेगा।

कंपनी ने कहा कि केवल सात दिनों में अंतरिक्ष यात्रियों ने पहले ही वैज्ञानिक अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पैगी अंतरिक्ष में ट्यूमर कोशिकाओं के व्यवहार का अध्ययन करने के लिए माइक्रोग्रैविटी का उपयोग करके कैंसर अनुसंधान कर रही हैं, जो मेटास्टेटिक कैंसर के लिए नए चिकित्सीय लक्ष्य विकसित करने में मदद कर रहा है।

वहीं शुभांशु शुक्ला माइक्रोग्रैविटी के शैवाल पर विकास और आनुवंशिक व्यवहार पर शोध कर रहे हैं। वे यह भी शोध कर रहे हैं कि टार्डीग्रेड्स (एक तरह का छोटा जीव, जो कि चरम स्थितियों में भी खुद को सामान्य रख सकता है) अंतरिक्ष के खतरनाक माहौल में कौन से जीवाणु सुरक्षित रह सकते हैं। इसके अलावा वे शून्य गुरुत्वाकर्षण में इंसानों में मांस कैसे कम होता है और इससे निपटा कैसे जा सकता है, इस पर काम कर रहे हैं। आमतौर पर लंबी अवधि के मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों को मसल एट्रोफी यानी मांस घटने की शिकायत आती है।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित
**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**
**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**
**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**
E MAIL newsnextindia1@gmail.com
Website:-www.nnindianews.com
**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNi हर खबर पर पक्की नज़र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

आगरा ब्रज

शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025 www.nnindianews.com



# लव ट्रायंगल का खूनी अंजाम

## पति से की थी लव मैरिज बाद में रिश्ते के देवर से हुआ लव

एनएनआई

**हाथरस।** जिले से सनसनीखेज वारदात सामने आई। यहां के गांव नगला कली में प्रेमी के साथ रह रही पत्नी को युवक ने चाकू से गोदकर मार डाला। वारदात के दौरान महिला के प्रेमी करन द्वारा किए गए हमले में पति आदित्य के साथ आए उसके दोस्त की भी जान चली गई और प्रेमी भी घायल हुआ है। प्रेमी करन ने बताया कि उसकी प्रेमिका गौरी ने परिवार में कई बार हुए विवाद के दौरान पति के साथ रहने से साफ इन्कार कर दिया था। इसे लेकर कई बार परिवार में विवाद भी हुआ था, लेकिन परिवार ने अनदेखा कर दिया था।

घटनाक्रम के अनुसार मूल रूप से अलीगढ़ शहर के नुमाइश ग्राउंड इलाके की 24 वर्षीय गौरी ने तीन वर्ष पहले कासगंज के नसरतपुर के आदित्य संग प्रेम विवाह किया था। शादी के कुछ दिन बाद ही दोनों में



**पति ने पत्नी की चाकुओं से गोदकर की हत्या हमले में पति के दोस्त की भी हुई मौत**

अनबन शुरू हो गई। इसी बीच आदित्य के फुफेरे भाई यानि गौरी के रिश्ते के देवर करन निवासी हसनपुर बारू से गौरी के प्रेम संबंध हो गए। इन्हीं प्रेम संबंधों में 26 जून को करन व गौरी नसरतपुर से चले आए। करन गौरी को लेकर अपनी मौसी के गांव सहपऊ के नगला कली पहुंच गया। तब से वहीं रह रहा था।

यह खबर जब आदित्य को हुई तो वह बृहस्पतिवार को अपने तीन दोस्तों संग दो बाइकों से नगला कली पहुंच गया। यहां दोपहर करीब ढाई बजे घर के चबूतरे पर खड़े करन व गौरी आपस में बात कर रहे थे। उन्हें देख आदित्य उग्र हो गया। इस दौरान आदित्य व करन के बीच विवाद शुरू हो गया। कुछ ही देर में वे झगड़ा करने लगे। इस झगड़े में जब गौरी बीच में आई तो प्लानिंग के तहत चाकू लेकर आए आदित्य ने गौरी पर कई वार करते हुए उसकी हत्या कर दी। बीचबचाव में करन आया तो उसे भी ईंट मारकर घायल कर दिया।

इस बीच घायल करन ने भी जवाब में ईंट पत्थर फेंके, जिसमें एक ईंट आदित्य के साथ आए उसके दोस्त नदरई कासगंज के अमन के सिर में जा लगी। जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ देर तक दोनों ओर से लाठी-डंडे भी चले। मगर चीख पुकार पर आसपास के ग्रामीणों को आता देख आदित्य व उसके दो दोस्त तो भाग गए। मगर घायल अमन व मृत महिला का प्रेमी करन वहीं रह गए। खबर पर पहुंची पुलिस टीम ने आनन फानन दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां से अमन को आगरा रेफर किया गया। मगर सिर में गंभीर चोट के चलते उसकी भी रास्ते में मृत्यु हो गई। बाद में पुलिस ने फॉरेंसिक जांच के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजे। वहीं पुलिस टीम फरार आरोपियों की तलाश में भी जुट गई।

> यह घटना पहले से शादीशुदा महिला द्वारा अपने पति के रिश्ते के भाई से प्रेम संबंधों के विरोध में हुई है। कासगंज से आए प्रेमी जोड़े के पीछे साजिश के तहत पति हमलावर होकर आया। उसने पत्नी की हत्या कर दी। वहीं हुए झगड़े में उसके एक दोस्त की भी मृत्यु हो गई। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों की तलाश में टीम लगी हैं।
>
> **-प्रभाकर चौधरी**
> **डीआईजी रेंज**

## 50 हजार की रिश्वत लेता सिपाही रंगे हाथ पकड़ा

**मथुरा** एनएनआई। मथुरा के थाना गोविंद नगर में तैनात सिपाही को बृहस्पतिवार को एंटी करप्शन टीम ने केस से नाम निकलवाने के लिए 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। टीम सिपाही को गोविंद नगर थाने से फरह थाने लेकर आई। यहां एंटी करप्शन टीम के प्रभारी ने सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसपी सिटी राजीव कुमार ने बताया कि गोविंद नगर थाने में तैनात शुभम चौहान ने केस से नाम हटाने के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने इसकी जानकारी एंटी करप्शन टीम को दी। बृहस्पतिवार को एंटी करप्शन टीम अपने साथ पीड़ित को लेकर गोविंद नगर थाने पहुंची। यहां टीम ने पीड़ित को लिफाफे में 50 हजार रुपये दिए। पीड़ित ने सिपाही को फोन किया और रुपये लेने के लिए बुलाया। आरोपी सिपाही पीड़ित को लेकर थाने के पीछे पहुंचा। यहां उसने जैसे ही रुपयों का लिफाफा लिया एंटी करप्शन टीम ने उसे घेर लिया।

# 7 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में अरेस्ट



एनएनआई

**कासगंज।** जनपद कासगंज के थाना गंजडुंडवारा क्षेत्र में एक 7 वर्षीय नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। घटना के वांछित आरोपी संजीव उर्फ संजू को पुलिस ने घटना के मात्र 12 घंटे के भीतर एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, 3 जुलाई 2025 को थाना गंजडुंडवारा क्षेत्र में एक 7 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में थाना गंजडुंडवारा पर मु0अ0सं0 248/25 धारा 65(2) बीएनएस व 5(एम)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक कासगंज के निर्देशन में गठित टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। 3 जुलाई 2025 की देर शाम, गंजडुंडवारा पुलिस को मिले इनपुट के आधार पर वांछित अभियुक्त संजीव उर्फ संजू पुत्र राकेश सिंह निवासी ग्राम अल्लेपुर, थाना गंजडुंडवारा को ग्राम अल्लेपुर गोरहा नहर के पास घेर लिया गया।



पुलिस द्वारा घेराबंदी किए जाने पर, आरोपी ने सरकारी वाहन में बैठाए जाते समय एक पुलिस आरक्षी को धक्का देकर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने चेतावनी देते हुए आत्मरक्षा में हल्का बल प्रयोग किया, जिसमें फायर करने पर अभियुक्त के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल अवस्था में ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

अभियुक्त को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा गया है। इस घटना के संबंध में अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है।

## बेटी के साथ छेड़छाड़ में पिता गिरफ्तार

**कासगंज** एनएनआई। कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर सोरों जगदीशचंद्र ने बताया कि गत दो जुलाई को कोतवाली में किशोरी ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया था कि उसके पिता ने उसे बदनियती से पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया है।

# घर में लहूलुहान मिला 20 वर्षीय किशोरी का शव



एनएनआई

**एटा।** थाना सकरौली क्षेत्र के बारा समसपुर गांव से है जहां पर घर के अन्दर ही 20 वर्षीय किशोरी की निर्मम हत्या कर दी गई।मृत किशोरी का शव घर के अन्दर कमरे में बैड पर लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला है। सुबह जब परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो खून से लथपथ किशोरी बैड पर पड़ी मिली सूचना मिलते ही तत्काल सकरौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार काजल पुत्री राजवीर सिंह उम्र 20 की हत्या हुई है ।मौके पर क्षेत्राधिकारी जलेसर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी।बताया जा रहा है कि घर के ऊपर के हिस्से में परिजन सो रहे थे और लड़की नीचे के कमरे में सो रही थी।हाल में ही युवती का विवाह रुका था आगामी कुछ माह में शादी होने थी। मौके पर फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड की टीमों को बुलाया गया है जांच एजेंसियां मामले की जांच कर रही है। पुलिस घटना के हर पहलू की जांच कर रही है आखिर हत्या की वजह क्या है यह अभी साफ नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव को हिरासत में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय एटा भेजा गया।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# छात्र को थप्पड़ जड़ना डेयरी संचालक को पड़ा भारी

- छात्रा से स्कूटी टकराने के विरोध आया डेयरी संचालक को गुस्सा
- दरोगा के बेटे को जड़ा चांटा, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**आगरा एनएनआई।** सदर क्षेत्र में स्थित सेंट क्लेयर्स स्कूल के गेट के बाहर छुट्टी के समय छात्रा से स्कूटी टकराने पर डेयरी संचालक और 12वीं के छात्र के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि प्रिंसिपल ऑफिस के बाहर डेयरी संचालक ने छात्र को थप्पड़ जड़ दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। प्रिंसिपल के केस दर्ज कराने पर पुलिस ने आरोपी डेयरी संचालक और उसके भाई को शांति भंग में गिरफ्तार किया।

शमसाबाद रोड के रहने वाले 12वीं के छात्र ने बताया कि उसके पिता दरोगा हैं। आईजी ऑफिस में कार्यरत हैं। दोपहर 1 बजे छुट्टी होने पर छात्र-छात्राएं स्कूल के गेट से निकल रहे थे। तभी डेयरी संचालक सौरभ अग्रवाल स्कूटी से आए। वह अपने बच्चे को लेकर जा रहे थे। आरोप है कि डेयरी संचालक की स्कूटी एक छात्रा से टकरा गई। इस पर छात्र ने टोका और कहा कि ठीक से स्कूटी चलाओ।

इसको लेकर स्कूटी सवार डेयरी संचालक विवाद करने लगा। दोनों प्रिंसिपल के पास शिकायत करने पहुंचे। वह वेटिंग एरिया में बैठा था। पास ही शिक्षक भी खड़े थे, जो घटना की जानकारी ले रहे थे। तभी अभिभावक ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। यह देख शिक्षकों ने उन्हें रोका भी। एसीपी सदर हेमंत कुमार ने बताया कि मामले में प्रिंसिपल सनी कट्टोर ने तहरीर दी। आरोपी सौरभ अग्रवाल और उसके भाई गौरव को गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

# लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बस के उड़े परखच्चे, चालक की मौत

एनएनआई

**आगरा।** फतेहाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 32 पर शुक्रवार सुबह भीषण हादसा हो गया। लखनऊ से सवारियां लेकर दिल्ली जा रही बस आगे चल रहे ट्रेलर में घुस गई। हादसे में सहायक चालक की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन सवारियां घायल हो गईं।

पुलिस के मुताबिक की शुक्रवार सुबह 2:50 बजे लखनऊ से दिल्ली जा रही बस एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 32 के पास पहुंची, तभी चालक को नींद की झपकी आ गई। बस आगे चल रहे ट्रेलर में घुस गई। धमाके की आवाज के साथ बस के भिड़ते ही सो रही सवारियों की नींद खुल गई। सवारियां एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगीं, जिससे बस में चीख-पुकार मच गई। हादसा इतना भीषण था कि सहायक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मुख्य चालक केबिन में सो रहा था, वो केबिन में ही फंस गया। सूचना पर यूपीडा सहित थाना फतेहाबाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में भेजा गया।



चालक राजवीर ने बताया कि बस लखनऊ से 27 सवारियां लेकर दिल्ली जा रही थी। लखनऊ टोल प्लाजा निकलते ही उसने सहायक परिचालक महेश को बस दे दी । इसके बाद वो सामान रखने वाली डिग्गी में खाना खाकर सो गया। बस परिचालक विकास ने बताया कि वह सो रहा था, तभी धमाके की आवाज सुनकर जाग गया। बस में किसी से टकराकर मुंह तथा शरीर पर अन्य जगह छोटे आई हैं। मृतक सहायक चालक महेश सिरोही राजस्थान का रहने वाला था। बस मालिक को सूचना दी गई है। परिजन मौके पर पहुंच रहे हैं। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**हादसे में ये हुए घायल**

हादसे में बस सवार रनवीर पुत्र मनोज कुमार उम्र 28 वर्ष आजमगढ़ , सचिन पुत्र अशोक कुमार यादव निवासी आलमबाग लखनऊ, उषा देवी पत्नी दिनेश कुमार निवासी गाजियाबाद, सुनील पुत्र रनवीर निवासी रोहतक हरियाणा, राजवीर पुत्र रनवीर सिंह निवासी झुंझुनू राजस्थान, विकास पुत्र रामनिवास निवासी झुंझुनू राजस्थान घायल हो गए।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण हादसे के बाद बस का चालक केबिन में करीब तीन घंटे तक फंसा रहा, लेकिन मौके पर मौजूद एक्सप्रेसवे की जिम्मेदार संस्था एटलस की एक बड़ी लापरवाही सामने आई, जहां घटना के बाद जरूरी संसाधन नहीं पहुंचा सके। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे की सूचना पर एटलस की टीम हाइड्रा और क्रेन लेकर मौके पर पहुंची, लेकिन वे ट्रेलर में फंसी बस को अलग नहीं कर पाए। पुलिस व यूपीड़ा की टीम ने चालक को बाहर निकालने के प्रयास किए, लेकिन असफल रहे। इस बीच चौकी इंचार्ज लुहारी ने एटलस टीम से जेसीबी और कटर मशीन बुलाने को कहा, लेकिन तीन घंटे बाद भी कोई भारी मशीन मौके पर नहीं पहुंची। पुलिस और यूपीड़ा की टीम ने दूसरे ट्रेलर की मदद से फंसे ट्रेलर को खिंचवाया, तब जाकर चालक के शव को बाहर निकाला जा सका। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# प्रेमिका की शादी के छह महीने बाद फंदे पर लटका मिला प्रेमी

एनएनआई

**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी**

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना इलाके के चंदन नगर में फैक्टरी कर्मचारी बीस वर्षीय अभिषेक शर्मा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का अंदेशा जताया है। पुलिस प्रेम संबंधों पर भी पड़ताल कर रही है।

मूलरूप से मैनपुरी का रहने वाला अभिषेक शर्मा पुत्र मनोज शर्मा अपनी मां लक्ष्मी और बहन के साथ चंदन नगर में रहता था। मां और अभिषेक नुनिहाई स्थित फैक्टरी में काम करते थे। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर करीब तीन बजे कुछ लोगों ने अभिषेक को घर के कमरे में फंदे से लटका देखा। दरवाजा बाहर से बंद था।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन ने हत्या का अंदेशा जताया है। पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में भी लिया है। एसीपी पियूष कांत राय का कहना है कि मृतक के प्रेम संबंध एक युवती से चल रहे थे। 6 महीने पहले युवती की शादी हो गई। इसके बाद से वह तनाव में था। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। मोबाइल की भी जांच की जा रही है। आशंका है कि उसके मोबाइल में वीडियो भी है।

# सोना बना कुणाल के खून का सबब

**आगरा एनएनआई।** हरी पर्वत क्षेत्र के सुल्तानगंज पुलिया निवासी कुणाल की हत्या में पुलिस ने गिरफ्तार दो आरोपियों शिवम उर्फ भोला और लक्ष्मीकांत उर्फ डौली को जेल भेजा है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि कुणाल ने सस्ता सोना दिलाने के लिए शिवम को 1.50 लाख रुपये दिए थे। जिस व्यक्ति से सोना मिलना था, वो आया नहीं। कुणाल के रुपये नहीं लौटाने पड़ें इसलिए शिवम ने साथी के साथ मिलकर उसकी हत्या कर शव कुएं में फेंक दिया था।

डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बृहस्पतिवार को हत्याकांड का खुलासा किया। बताया कि कुणाल 27 जून को लापता हुआ था। 2 जुलाई को शव हाथरस के थाना सहपऊ क्षेत्र में कुएं में मिला था। इस मामले में भोला उर्फ शिवम, उसके भाई कार्तिक, पिता पप्पू प्रधान के अलावा लक्ष्मीकांत पर आरोप लगाया गया। पुलिस ने बुधवार रात को शिवम और लक्ष्मीकांत को गिरफ्तार किया। डीसीपी के मुताबिक, शिवम मृतक के घर पर दूध देने आता था। उसने कुणाल को बताया कि एक व्यक्ति सोना बेचना चाहता है। इस पर कुणाल ने शिवम को 1.50 लाख रुपये दिए, लेकिन वह सोना लेकर नहीं आया। रुपये मांगने पर शिवम टालमटोल करने लगा। इस पर शिवम ने लक्ष्मीकांत से कुणाल की हत्या के लिए बात की। लक्ष्मीकांत ने 2 लाख रुपये मांगे और 50 हजार एडवांस लिया। घटना वाले दिन तीनों हाथरस में मिले थे।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# टोल प्लाजा पर फाइनेंसकर्मियों की गुंडई

## पेट्रोलियम कंपनी डीलर की कार रोक की मारपीट, मोबाइल छीना

- मथुरा रिफाइनरी से लौट रहे मैनपुरी के पेट्रोल पंप मालिक को भाई संग बीच रास्ते इनर रिंग रोड पर घेरा
- किशनी निवासी पीड़ित ने चार युवकों के खिलाफ लिखाया मुकदमा

एनएनआई

**एत्मादपुर।** मथुरा रिफाइनरी से लौट मैनपुरी लौट रहे भारत पेट्रोलियम कंपनी के डीलर की कार को कथित फाइनेंसकर्मियों ने रहनकलां टोल प्लाजा पर जबरन रोककर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। पुलिस को फोन करने पर आरोपी चार युवकों ने मोबाइल फोन छीन लिया। हंगामा होने पर भीड़ जुटी तो दबंगई दिखाने वाले धमकी देकर भाग गए। पीड़ित के मुकदमा पंजीकृत कराने के बाद इलाका पुलिस मारपीट करने वाले युवकों की तलाश में जुट गई है।

जनपद मैनपुरी के थाना किशनी क्षेत्र के गांव मिदिया निवासी राहुल कुमार पुत्र विनोद कुमार पेशे से राजकीय ठेकेदार और भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन के डीलर हैं। उनका अपना पैट्रोल पम्प भी है। मथुरा से मैनपुरी जाते समय आगरा विकास प्राधिकरण के रहनकलां टोल प्लाजा पर अपने साथ घटित घटना के संबंध में उन्होंने थाना एत्मादपुर में एफडीआई दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड की ओर से मथुरा रिफाइनरी में सभी डीलरों की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में शामिल होने के बाद वह अपने भाई के साथ अपनी गाड़ी से वापस लौट रहे थे। शाम को 5.30 बजे करीब वह यमुना एक्सप्रेस-वे को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले इनर रिंग रोड के रहनकलां टोल प्लाजा को पार कर रहे थे। इसी दौरान गेट संख्या एक से अचानक चार युवक आए और स्वयं को फाइनेंस कंपनी का वसूली अधिकारी बताते हुए जबरन गाड़ी रोक कर अभद्रता पूर्ण व्यवहार करते हुए कागजात मांगने लगे। उन्होंने जब गाड़ी के फाइनेंस संबंधी कागज दिखाए तो भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। युवकों के गुंडई दिखाने पर पीड़ित ने पुलिस को फोन करना चाहा तो हाथ से मोबाइल फोन छीनकर मारपीट शुरू कर दी। इस पर दोनों भाइयों ने शोर मचाते हुए विरोध किया तो मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। इस पर आरोपी मोबाइल फेंककर जान से मारन की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

पेट्रोल पंप मालिक ने रास्ता रोककर मारपीट करने वाले आरोपियों के नाम विवेक, मानवेन्द्र और अश्वनी बताए हैं। इलाका पुलिस उनके बारे में जानकारी जुटा रही है।

# युवती की अस्मत लूटने वाला दबोचा, अन्य की तलाश

**आगरा एनएनआई।** ग्वालियर रोड पर एक गांव की युवती को बंधक बनाकर दुष्कर्म और ब्लैकमेल कर 2 लाख रुपये ऐंठने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी गजेंद्र उर्फ गज्जू को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अन्य पांच आरोपी भागे हुए हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

ग्वालियर रोड स्थित एक गांव की युवती को कॉलेज जाते वक्त गजेंद्र परेशान करता था। परिजन का आरोप है कि युवती ने पुलिस से शिकायत करने की कही तो आरोपी गजेंद्र, आकाश, सुरेश, दिनेश, रेवती और अमित ने उसे माफी मांगने के बहाने बुलाकर बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। उसकी आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करके 2 लाख रुपये वसूले।

जानकारी होने पर पिता ने विरोध किया तो युवती और उनके पिता को भी पीटा गया। जान से मारने की कोशिश की गई। 22 जून को सदर थाने की पुलिस ने केस दर्ज किया। अब मुख्य आरोपी गजेंद्र को गिरफ्तार किया जा सका है।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया
## अपना आगरा

शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025 www.nnindianews.com




- शहर में जगह-जगह लगा गंदगी का अंबार
- सफाई के नाम पर बरती जा रही लापरवाही
- लोगों पर टैक्स का दबाव, नहीं कोई पुरसाहाल
- निगम को चाहिए सफाई का अच्छा नम्बर

# ...चुप रहने में ही है भलाई

एनएनआई

आगरा। देश का गंदा शहर होने का ताजनगरी पर लगा दाग क्या मिटना चाहिए? इस सवाल पर कोई भी हामी ही भरेगा, लेकिन यह दाग छुपाने से तो नहीं मिटेगा? इस दाग को धोने के नाम पर हर महीने लाखों करोड़ों का बिल बनाने से क्या दाग मिट जाएगा? सवाल यह है कि इस शहर का दाग धोने के क्या कोई गंभीर प्रयास चल रहे हैं कि लीपापोती ही की जा रही है? शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लिए गए जायजे में तो बहुत ही शर्मनाक तस्वीर दिखाई दी। शहर के अंदरूनी इलाकों की कौन कहे, मुख्य चौक-चौराहों पर भी सफाई मुकम्मल नहीं है। शहर में कई जगह तो मल-मूत्र के बीच होकर गुजरना पड़ रहा है। खंदारी चुंगी तिराहा से डलावघर तो हट गया, लेकिन कचरा फिर भी वहीं पड रहा है। लोहामंडी खातीपाडा डलावघर का बीच रास्ते में बिखरा कचरा सफाई व्यवस्था की कलई खुद खोल देता है। वहीं टूटे-फूटी नालियां, उफनता गंदा पानी तो शहर के हर अंदरूनी इलाके की पहचान बन गया है। इन हालातों को देखकर कोई खुश नहीं हो सकता। गलियों में उठती दुर्गन्ध तो लोगों का निकलना दुश्वार करती है। आगरा कैंट स्टेशन के बाहर सड़क पर बहता मूत्र शहर की क्या तस्वीर पेश करता है, इसे बताने की जरूरत ही नहीं है। नगर निगम का अमला कागजों पर एक फिर शहर को नम्बर वन बनाने की कवायद में जुटा है, लेकिन यह कचरा शहर की सूरत बिगाड़ रहा है। इसी तरह मोहल्लों और कॉलोनियों में फैली गंदगी नगर निगम की सफाई व्यवस्था को मुंह चिढा रही है। सफाई के नाम पर महज खाना पूर्ति की जाती है। हर वार्ड में कचरे का ऐसा छिपा खजाना गिनने लायक भी नहीं है।



### सफाई कर्मियों की जिन्दगी से भी खिलवाड़

आगरा नगर निगम सफाई कर्मियों की जिन्दगी से भी खिलवाड़ कर रहा है। ताज्जुब तो इस बात का है कि शहर में कई मानवाधिकार संगठन हैं पर किसी ने भी आगरा नगर निगम में भीड़-भाड़ वाले इलाके में बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के काम कर रहे सैकड़ों सफाई कर्मियों की स्थिति पर ध्यान नहीं दिया। इन कर्मियों को न गम बूट मिले हैं और न ही ग्लब्स। दुर्गन्ध से बचने के लिए मास्क तक नहीं है। सफाईकर्मी नंगे हाथों से कचरा उठा रहे हैं। क्या सफाईकर्मियों के साथ यही सलूक किया जाता है? ...तो कैसे कहा जाए कि आगरा शहर सफाई की ओर अग्रसर है। निःसंदेह शहर की मुख्य सड़कों पर और चौराहों पर सफाईकर्मी काम करते हुए नजर आ जाएंगे। कहीं-कहीं से कचरा उठाया जाता है। जिन गाड़ियों से कचरा उठाया जाता है उनकी स्थिति भी अच्छी नहीं है। कचरा सड़कों पर बिखरता जाता है। जहां से भी निगम के कचरा लदे वाहन गुजरते हैं लोगों को नाक बंद कर लेना पड़ता है।







### कहीं भी नाली की अच्छी स्थिति नहीं

शहर का शायद ही कोई ऐसा मोहल्ला हो जहां नालियों की अच्छी स्थिति हो। हर मोहल्ले की नालियां टूटी हुईं और जर्जर है। नालियों का गंदा पानी उफनकर गलियों और सड़कों पर फैल रहा है। कई गलियों में नालियां इतनी संकरी हैं कि सफाई के लिए फावड़ा ही नहीं पहुंचता। इसलिए उनकी सफाई नहीं हो पाती। बारिश के दौर में नालियों के उफनते गंदे पानी से शहर के कई इलाकों के तो हालात तालाब जैसे हैं, जहां से लोगों को नालियों के पानी से होकर गुजरना पड़ता है।

### हर जगह कचरे के ढेर

शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। नगर निगम के जिम्मेदारों को इसकी जरा भी परवाह नहीं है। चेकिंग और कार्रवाई की धमकी देकर निगम के अफसर अपने कर्तव्यो की इतिश्री समझ लेते हैं। नतीजन शहर गंदगी से खदबदा रहा है। निगम के अधिकारी कमीशन का खूबसूरत खेल खेलने वालों को इनाम दे रहे हैं। निगम में किसी को कार्रवाई का कोई डर नहीं है। उनको अपने मैनेज करने की कैपेसिटी पर बहुत भरोसा है।

### लाखों खर्च के बाद भी फैला है अंधेरा

शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने के नाम पर लाखों नहीं बल्कि करोड़ों के वारे-न्यारे होते हैं। अनेकों बार स्ट्रीट लाइट लगाने के नाम पर करोड़ों खर्च किए गए। इसके अलावा मरम्मत के नाम पर भी लाखों का घालमेल चलता है। इसके बावजूद भी सड़कों पर अंधेरा कायम रहता है। राजामंडी स्टेशन के बाहर चामुंड देवी मंदिर से बेसन की बस्ती तक रोड के दोनों किनारे पर लगाई लाइटें पहली बारिश ही नहीं झेल सकीं। इनमें कई खम्बो की लाइटें कुछ दिन जलने के बाद बंद हो गईं।

# पशु-पक्षियों की सेवा करने वाली सोसायटियों को कैस्पर्स होम करेगा सम्मानित

**रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 जुलाई, अब तक सात सोसायटियों ने भेजे वीडियो**

एनएनआई




**आगरा।** शहर की गेटबंद सोसायटियों में पशु-पक्षियों की देखभाल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खंदारी स्थित कैस्पर्स होम एक विशेष प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इसमें पशु सेवा को प्राथमिकता देने वाली तीन श्रेष्ठ सोसायटियों को जुलाई माह के अंत में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उन सोसायटियों के बुजुर्गों व बच्चों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा जो पशु-पक्षी सेवा में सक्रिय हैं।

पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में कैस्पर्स होम की चेयरपर्सन विनीता अरोड़ा ने कहा कि पहले हर घर में पशुओं के लिए रोटियां बनती थीं, परंतु गेटबंद सोसायटियों के चलन से यह परंपरा कम होती जा रही है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को प्रकृति व जीवों के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का अवसर मिलेगा। निर्णायक मंडल द्वारा सोसायटियों द्वारा भेजे गए वीडियो और स्थल निरीक्षण के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। अब तक सात सोसायटियों के वीडियो मिल चुके हैं।

इच्छुक सोसायटियां 15 जुलाई तक 9897716054, 6398922025, 8279549870 पर संपर्क कर सकती हैं। इस अवसर पर अतुल सिरोही, शांतनु बंसल, अंकित शर्मा, अयान जैन, प्रतिभा गोस्वामी, शिल्पी चतुर्वेदी सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

# आंबेडकर विवि का डिजिटल कदम, डिजिलॉकर पर जारी किया पहला परीक्षा परिणाम

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के प्री-पीएच.डी. कोर्स वर्क का परीक्षा परिणाम डिजिलॉकर पर जारी कर डिजिटल बदलाव की दिशा में बड़ी पहल की है। यह पहला परीक्षा परिणाम है, जिसे छात्रों ने अपनी एबीसी आईडी के जरिए डिजिलॉकर से प्राप्त किया। डीन रिसर्च प्रो. बी.पी. सिंह ने बताया कि कुल 859 छात्रों में से 855 उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। सभी का परिणाम समर्थ पोर्टल के माध्यम से डिजिलॉकर पर उपलब्ध है, जिससे छात्रों को हार्डकॉपी के लिए विश्वविद्यालय नहीं आना पड़ेगा। अब वे न केवल परिणाम डाउनलोड कर सकते हैं, बल्कि ऑनलाइन सत्यापन भी संभव है। कुलपति प्रो. आशु रानी ने इस प्रयास को डिजिटल परिवर्तन की दिशा में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि भविष्य में सभी परीक्षा परिणाम और प्रमाणपत्र डिजिलॉकर से लिंक किए जाएंगे, जिससे दस्तावेज सत्यापन और प्रमाणपत्र खोने जैसी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

# गोवा में होगा 'आयुष कॉन्क्लेव २.0', सम्मानित होंगे विशेषज्ञ

एनएनआई




**आगरा।** पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अंतरराष्ट्रीय मंच देने वाली 'आयुष लीजेंड सीरीज' के अंतर्गत इंटरनेशनल आयुष कॉन्क्लेव 2.0 का आयोजन 25 से 27 जुलाई तक गोवा के आईटीसी फॉर्च्यून होटल में किया जाएगा। इसकी घोषणा गुरुवार को संजय प्लेस स्थित प्रतीक सेंटर में पोस्टर विमोचन के दौरान की गई। कार्यक्रम संयोजक डॉ. एमएम कुरैशी ने बताया कि आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध व होम्योपैथी से गंभीर रोगों का दुष्प्रभाव रहित इलाज करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से यह आयोजन हो रहा है। अप्रैल में आगरा में आयोजित पहले कार्यक्रम की सफलता के बाद यह दूसरा अंतरराष्ट्रीय संस्करण होगा। कॉन्क्लेव में देश-विदेश के 150 से अधिक आयुष चिकित्सकों को 'आयुष विभूषण', 'आयुष विक्रम', 'आयुष उदय' व 'आयुष उद्यमी' जैसे सम्मान प्रदान किए जाएंगे, जिनमें 15 चिकित्सक आगरा से हैं। पवन शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन में पहले दिन व्याख्यान, दूसरे दिन गोवा दर्शन और तीसरे दिन शोध व सम्मान समारोह होगा। सीए अभिषेक जैन ने बताया कि कार्यक्रम में गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमेश तवाडकर मुख्य अतिथि होंगे। आयोजन में हील क्लिनिक, टैक्सजिल व स्मार्ट विजन संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। पोस्टर विमोचन अवसर पर सीए अभिषेक जैन, पवन शर्मा व संजय गोयल मौजूद रहे।

# आंबेडकर विवि का बालिका छात्रावास मंडल में सर्वश्रेष्ठ, अनुशासन और सुरक्षा में अव्वल

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय द्वारा संचालित 100 सीटों वाले बालिका छात्रावास को आगरा मंडल में सर्वश्रेष्ठ रख-रखाव वाले छात्रावास का गौरव प्राप्त हुआ है। यह सम्मान समाज कल्याण विभाग की मंडलीय उप निदेशक महिमा मिश्रा ने निरीक्षण और समीक्षा के बाद प्रदान किया।

मथुरा, मैनपुरी व फिरोजाबाद समेत कई छात्रावासों के निरीक्षण के दौरान महिमा मिश्रा ने विश्वविद्यालय के छात्रावास को सबसे अनुशासित और सुरक्षित बताया। समीक्षा बैठक में इसे अनुकरणीय मॉडल के रूप में सराहा गया। यह उपलब्धि कुलपति प्रो. आशु रानी के नेतृत्व और प्रयासों का परिणाम मानी गई, जिन्होंने निष्क्रिय भवन को आधुनिक, सुरक्षित और प्रेरक छात्रावास में बदलवाया। कुलपति ने सहायक वार्डन डॉ. रत्ना पांडे को बधाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की। डॉ. पांडे को छात्राओं के लिए अनुशासित और सशक्त वातावरण सुनिश्चित करने हेतु विशेष सम्मान मिला। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे छात्रहितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।

# दिव्यांगजनों के लिए दुकान निर्माण योजना, अब रोजगार के रास्ते होंगे सुलभ

- ऋण व अनुदान के माध्यम से मिलेगा सहयोग, ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**आगरा (एनएनआई)।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश की ओर से संचालित दुकान निर्माण एवं संचालन योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को 20,000 रुपये तक की धनराशि स्वीकृत की जाती है, जिसमें 15,000 रुपये चार प्रतिशत साधारण ब्याज पर ऋण और 5,000 रुपये अनुदान के रूप में दिया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ज्ञान देवी ने बताया कि दुकान किराये पर लेकर संचालन करने वालों के लिए 7,500 रुपये का ऋण तथा 2,500 रुपये का अनुदान अनुमन्य है। यह सहायता खोखा, गुमटी या हाथ ठेला लगाने के लिए भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि पात्रता की शर्तों के अनुसार आवेदनकर्ता उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो, 40% या उससे अधिक दिव्यांगता से ग्रस्त हो, आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो, और वह गरीबी रेखा से निर्धारित आय सीमा के दोगुने से अधिक आय वाला न हो। इसके अतिरिक्त, आवेदनकर्ता के विरुद्ध कोई आपराधिक मामला न हो तथा किसी प्रकार की सरकारी धनराशि बकाया न हो। दुकान निर्माण के लिए स्वयं की 110 वर्गफीट भूमि आवश्यक है, या आवेदक यदि उक्त भूमि खरीदने में सक्षम है अथवा अधिकृत संस्थाओं से दुकान क्रय करना चाहता है, तो वह भी पात्र होगा। दुकान संचालन के लिए कम से कम पांच वर्ष का किराया पट्टा होना आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि वेबसाइट http://divyangjan-dukan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की हार्ड कॉपी विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करनी होगी।

# जल योजना की धीमी रफ्तार पर डीएम ने लगाई फटकार

**सड़क खोदाई में सावधानी, रेस्टोरेशन की गुणवत्ता पर बनेगी जांच समिति**

एनएनआई



**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में 'हर घर जल योजना' के कार्यों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए कार्यदाई संस्थाओं से जवाब-तलब किया।

उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यों में तेजी लाने के लिए मैनपावर बढ़ाया जाए। डीएम ने कहा कि पाइपलाइन डालने के लिए संपूर्ण मार्ग या सड़क की खोदाई न की जाए।

बरसात के मद्देनजर उतनी ही खोदाई करें, जितनी उसी दिन रेस्टोरेशन हो सके। उन्होंने सीसी और इंटरलॉकिंग सड़कों की कटिंग व पुनर्निर्माण कार्यों में विशेष गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जब प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी मांगी गई तो बताया गया कि थर्ड पार्टी एजेंसी द्वारा नियमित जांच की जा रही है। इस पर डीएम ने गुणवत्ता की अलग से पुष्टि के लिए अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) जुबेर बेग को समिति गठित कर जांच आख्या प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह, डीसी मनरेगा रामायण सिंह यादव, जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार, जल निगम के अधिशासी अभियंता अमित कटियार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अटलपुरम टाउनशिप को डवलप करेगी कर्नाटक की कंपनी

एनएनआई



**आगरा।** आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) उपाध्यक्ष एम. अरुन्मोली ने गुरुवार को ग्वालियर रोड पर प्रस्तावित अटलपुरम टाउनशिप योजना की प्रगति की समीक्षा की। इसमें बताया गया कि एडीए की इस टाउनशिप को कर्नाटक की कंपनी आरपी शिडे रामा सिविल डवलप करेगी। इस कंपनी का चयन कर लिया गया है।

इसके साथ ही बैठक में प्लॉटों में आरक्षण की रूपरेखा पर भी मंथन हुआ। एडीए उपाध्यक्ष ने इस योजना के प्रचार-प्रसार की रूपरेखा तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं। ये पहले ही तय कर लिया गया था कि आगरा-ग्वालियर हाईवे पर प्रस्तावित अटलपुर टाउनशिप को एक ही कंपनी डवलप करेगी। जिससे कि टाउनशिप में होने वाले विकास कार्यों में तालमेल का अभाव न रहे। एडीए कंपनी के चयन की प्रक्रिया में लगी हुई थी। 6 कंपनियों ने टेंडर प्रक्रिया में भाग लिया था। अंतिम दौर में दो कंपनियों के बीच ही प्रतिस्पर्धा चल रही थी। इनमें से कर्नाटक की कंपनी को फाइनल किया गया है। एडीए के अधिकारियों का कहना है कि यह एक स्मार्ट योजना होगी। इसलिए विकास कार्यों को लेकर गंभीरता बरती जा रही है। यहां सभी विकास कार्य एक साथ होंगे।

इसलिए एक कंपनी को ही ठेका दिया जाएगा। दरअसल अलग-अलग कंपनियों को अलग-अलग काम देने से सामंजस्य की कमी रहती है। एक कंपनी सड़क बनाती है, तो दूसरी कंपनी उसे खोदने चली आती है। इसलिए यहां सीवर, पेयजल, ड्रेनेज, सड़क, गैस पाइप लाइन, इंटरनेट, फोन, बिजली आदि की लाइनों का काम एक साथ किया जाएगा। जिससे बार खुदाई कार्य नहीं करने होंगे। पार्क और अन्य सुविधाएं उसी आधार पर विकसित की जाएंगी।योजना के विकास के लिए 6 कंपनियों ने टेंडर प्रक्रिया में भाग लिया था। एडीए 36 साल बाद अपनी कोई नई योजना लांच करने जा रहा है। अटलपुरम पर जमीन खरीद सहित लगभग 738 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। एडीए को टाउनशिप से 1527 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है। टाउनशिप में 4087 प्लाट होंगे। इनमें ग्रुप हाउसिंग, एचआईजी, एमआईजी, एलआईजी और ईडब्ल्यूएस आदि शामिल होंगे।

# प्रस्तावित सर्किल रेटों पर आईं 100 आपत्तियां, होगा निस्तारण

एनएनआई

**आगरा।** प्रस्तावित सर्किल रेटों पर 100 आपत्तियां आई हैं। अब इन आपत्तियों का निस्तारण होगा। जिसके बाद संभवतः 1 अगस्त से जिले में नये सर्किल रेट लागू हो सकते हैं। निबंधन विभाग के 10 सब रजिस्टार ऑफिस और अक्क्ष स्टांप के यहां 79 आपत्तियां आई। बाकी आपत्तियां कलक्ट्रेट में दर्ज कराई गई हैं।

पिछले दिनों निबंधन विभाग की ओर से जिले में सर्किल रेट की प्रस्तावित रेट सूची जारी की गई थी। जिसके बाद 2 जुलाई तक इस पर आत्तियां मांगी गई थीं। गुरुवार को यह समय सीमा खत्म हो गई। इस दौरान 100 आपत्तियां आई।आगरा में जमीन महंगी होने जा रही हैं। 2017 के बाद अब नये सर्किल रेट लागू करने की तैयारी है। प्रस्तावित रेट की सूची तैयार कर ली गई है। शहर क्षेत्र में 30 से 35%, सेगमेंट रोड पर 40 से 50% व ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय-व्यावसायिक श्रेणी में 25 से 30% और सेगमेंट रोड पर 30 से 35% तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है।

सर्किल रेट में बदलाव होने से मकान से लेकर दुकान और खेत खरीदना महंगा हो जाएगा।जिले में आखिरी बार अगस्त 2017 में सर्किल रेट में बदलाव हुआ था। 2021 में सर्किल रेटों का नए सिरे से निर्धारण होना था, लेकिन शासन के निर्देश पर इसे रोक दिया गया।अब फिर से कवायद हो रही है। इसी साल मार्च में इनका निर्धारण होना था, लेकिन नहीं हो सका। तब कहा गया कि किसानों की अधिगृहीत की गई जमीन का मुआवजा सर्किल राट निर्धारित होने के बाद के नियम के मुताबिक देना होगा। इससे सरकार पर इसका अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है।वर्तमान सर्किल रेट और बाजार मूल्य में जमीन आसमान का अंतर है। नव विकसित क्षेत्रों में तेजी से कॉलोनियां बन रही हैं। इन क्षेत्रों में सर्किल रेट दो हजार सेलेकर 10 हजार रुपये प्रति मीटर है।

# मेट्रो के लिए यमुना के ऊपर बनेगा 350 मीटर लबा पुल

एनएनआई



**आगरा।** मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। आगरा कैंट से कालिंदी विहार के लिए तैयार हो रहे दूसरे कॉरीडोर के लिए यमुना पर 350 मीटर लंबा पुल बनेगा। नदी से 18 मीटर ऊपर मेट्रो दौड़ेगी। पुल की डिजाइन बन गई है। जियोटेक्निक सर्वे भी हो चुका है। यह पुल 15 से 18 महीने में बनकर तैयार होगा।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (वढफ्ढ) आगरा में मेट्रो के दो कॉरीडोर तैयार कर रही है। पहला ताज ईस्ट गेट से सिकंदरा और दूसरा आगरा से कालिंदी विहार। दूसरा कॉरीडोर एलिवेटेड है। 15.4 किमी लंबे इस कॉरीडोर पर 14 स्टेशन हैं।वाटर वर्क्स और रामबाग स्टेशन के बीच यमुना पर पुल बनाने के लिए तकनीकी टीम ने 8 महीने तक सर्वे किया। नदी की भौगोलिक स्थिति, गहराई, मिट्टी की स्थिति सहित अन्य पहलुओं की जांच की। इसके बाद तय किया गया है कि मेट्रो के लिए यमुना पर 350 मीटर लंबा, 18 मीटर ऊंचा और 10 मीटर चौड़ा पुल तैयार किया जाएगा। यहां पिलर के लिए 40 मीटर गहराई से पाइलिंग की जाएगी। मजबूती के लिए स्टील का प्रयोग किया जाएगा।वाटर वर्क्स-रामबाग के बीच 33 केवी की बिजली की लाइन जा रही है। इसके नीचे ही नया पुल बनेगा। ऐसे में इस बिजली की लाइन को शिफ्ट किया जा रहा है। मोटी केबल के जरिये पुल के नीचे से लाइन गुजारी जा रही है।पहले कॉरिडोर पर इसी सितंबर तक आरबीएस स्टेशन और अगले साल मार्च में सिकंदरा तक मेट्रो चलने लगेगी। इस तरह से अगले साल अक्तूबर तक दोनों कॉरिडोर के 18 स्टेशनों पर मेट्रो चलने लगेगी। दूसरे कॉरिडोर के बचे 9 स्टेशन हरीपर्वत, संजय प्लेस, एमजी रोड, सुल्तानगंज, कमला नगर, रामबाग, फाउंड्री नगर, कृषि मंडी और कालिंदी विहार 2027 मार्च तक पूरा हो जाएगा। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन से कालिंदी विहार कॉरिडोर सुल्तानपुरा रोड से एमजी रोड होते हुए गुजर रहा है। दोनों रोड पर अब तक 30 पिलर बन चुके हैं। पिलर की ऊंचाई 12 मीटर और व्यास ढाई से साढ़े तीन मीटर होगा। इसी तरह से खंदारी चौराहा से कामायनी हास्पिटल तक 64 पिलर बन चुके हैं।

# औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त मात्रा में हो बिजली सप्लाईः डीएम

एनएनआई

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविन्द मलप्पा बंगारी की अध्यक्षता में हुई जिला उद्योग बंधु और वाणिज्य बंधु की बैठक कलक्ट्रेट सभागार में हुई। इस बैठक में जिलाधिकारी ने औद्योगिक इकाइयों को विद्युत आपूर्ति में समस्या के लिए विद्युत अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। सड़कों में गड्ढों को लेकर नगर निगम, पीओडी एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को भी फटकार का सामना करना पड़ा।

बैठक में औद्योगिक क्षेत्र फाउंड्री नगर, सिकंदरा साइट-सी, नुनिहाई, रामबाग चौराहे एवं मच्छी पुलिया हाथरस रोड, नमक मंडी की जनसमस्याओं, अतिक्रमण और यातायात अव्यवस्था को भी उठाया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रकरण जो नगर निगम से संबंधित है के निस्तारण के लिए शुक्रवार को नगरायुक्त की अध्यक्षता में उद्योग बंधुओं की बैठक रखी गई है। डीएम ने जलकल विभाग के अधिकारी को तलब कर वसूली समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए।बैठक में गढ़ी महासिंह विद्युत सब स्टेशन एत्मादपुर से जुड़ी औद्योगिक इकाइयों को विद्युत आपूर्ति में आ रही सप्लाई की समस्या को रखा गया जिलाधिकारी ने इस मामले में विद्युत अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। बैठक में नगर निगम द्वारा शहर में नालों की सफाई उपरान्त शिल्ट बाहर निकाल कर सड़क पर रखने, आगामी दिनों में बरसात होने से शिल्ट वापस नालों में चले जाने से शहर में जलभराव की समस्या का प्रकरण रखा गया।

# नव नियुक्त अपना दल एस प्रदेश अध्यक्ष का जगह-जगह किया स्वागत



एनएनआई

**आगरा।** अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर महेश चौधरी का कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया अपना दल एस कार्यकताओं ने जोश और उत्साह के साथ उनका अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व जाट समिति के अध्यक्ष द्वारा किया।

सबसे पहले जाट एकता समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिकरवार, व महा मंत्री, छतरपाल फौजी, श्यामवीर चौधरी, गुड्डू कुंतल, सेलु जाट, लाखन सिंह सिकरबार,चौधरी,राजेंद्र फोजदार,ने डॉ महेश चौधरी को फूल-माला और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद कोषाध्यक्ष ओमबीर, नीरज श्रीवास्तव, बिनोद गुप्ता सहित कई अन्य कार्यकताओं ने भी अंगवस्त्र और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस पर डॉ महेश चौधरी ने जल्द से जल्द हर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

# 5 हजार स्कूलों को बंद करने का कांग्रेस ने किया विरोध

एनएनआई

**आगरा।** शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश सरकार के 5 हजार प्राइमरी और जूनियर स्कूलों को बंद किए जाने के निर्णय का विरोध किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के नाम ज्ञापन दिया, और प्रदेश सरकार के इस निर्णय को जन विरोधी बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की।जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और कहा की प्रदेश



सरकार का 5 हजार स्कूल बंद करने का निर्णय गलत है। योगी सरकार युवाओं, छात्रों, और बेरोजगारों के प्रति उदासीन है।

सरकार का निर्णय छात्र और रोजगार के विरोध में है। इसका दुष्परिणाम दूर से आने वाले गांव के बच्चों पर पड़ेगा। क्योंकि उन्हें दूसरे गांव से शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ेगा, इसके साथी स्कूलों में खाना बना रहे, झाड़ू लगा रहे अन्य कर्मचारियों का भी रोजगार जाएगा, भारत के इतिहास में पहली सरकार है, जो लोगों का रोजगार छीन रही है, और स्कूलों को खोलने की जगह बंद कर रही है। फतेपुर सीकरी लोकसभा से पूर्व प्रत्याशी और कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामनाथ सिकरवार ने कहा की जितने भी मंत्रियों के बेटे बड़े कॉलेजों में पढ़ रहे हैं, उन्हें निकलवाया जाएगा। इसके लिए कांग्रेस आंदोलन करेगी, उन्होंने कहा लोग आज आतंकवाद से ज्यादा जातंकवाद से मर रहे है।

# डॉक्टरों की लापरवाही पर परिजनों ने लगाया अभद्रता का आरोप

एनएनआई

**कासगंज।** जिला अस्पताल में एक गर्भवती महिला के इलाज में कथित तौर पर बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। कुछ दिन पूर्व भी ऐसी ही घटना पहले भी प्रकाश में आ चुकी है परिजनों का आरोप है कि प्रसव के दौरान डॉक्टरों ने बिना उनकी सहमति के महिला का गर्भाशय (बच्चेदानी) और रसौली निकाल दी। इसके अतिरिक्त,परिजनों ने डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ पर अभद्रता और मारपीट का भी आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है जब इस घटना का परिजनों ने विडियो बनाने का किया गया तो उनके मोबाइल भी तोड़ दिए गए।

मिली जानकारी के अनुसार, नगला खंगार ढोलना निवासी नीलम पत्नी तनुज कुमार को प्रसव के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि आपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने अपनी मनमानी करते हुए बिना बताए महिला की रसौली और गर्भाशय को भी निकाल दिया।

परिजनों का यह भी कहना है कि ऑपरेशन के बाद जब मरीज की हालत गंभीर होने लगी तो डॉक्टरों ने महिला को रेफर सिलिप पर "साइको बांड " घोषित कर लगभग बेहोशी की हालत में अस्पताल से बाहर निकाल दिया। इसके बाद परिजन महिला को एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए अलीगढ़ ले गए।

बताया गया है कि रेफर की गयी गर्भवती महिला की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। अलीगढ़ डॉक्टरों का कहना है कि महिला को रेफर सिलिप पर साइको बाउंड कर उपचार के लिए अलीगढ़ रेफर किया गया है जब डॉक्टर्स ने महिला के परिजनों से रिपोर्ट मागी गयी तो उन्हें जिला अस्पताल से को रिपोर्ट नहीं दी जब संयुक्त अस्पताल कासगंज जब दबाव बढ़ा तो डॉक्टरों ने पीड़ितों के मोबाइल पर रिपोर्ट भेजी तब जाकर डॉक्टरों ने महिला का उपचार शुरू किया।

परिजनों का आरोप है कि घटना का वीडियो बनाने का प्रयास करने पर अस्पताल स्टाफ ने उनके साथ मारपीट की और मोबाइल तोड़ दिया। इस घटना के बाद से अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी स्टाफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अस्पताल परिसर में लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग को भी सार्वजनिक करने की मांग की है, जिसमें पूरी घटना कैद होने का दावा किया जा रहा है।

हालांकि, इस संबंध में पीड़ित परिजनों और डॉक्टरों दोनों ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोपी डॉक्टर ने ने शहर कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि बुधवार को नीलम के प्रसव के बाद रात करीब आठ बजे प्रसूता को दौरे पड़ने लगे और वह अजीब हरकतें करने लगी। उन्होंने प्रसूता को बेहतर उपचार के लिए रेफर करने की सलाह दी। डॉ का आरोप है कि बाहर ले जाने की बात कहने पर प्रसूता के परिजनों ने अन्य लोगों को बुला लिया और अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने डॉक्टरों और स्टाफ के साथ अभद्रता की और प्रदर्शन कर अन्य मरीजों के उपचार संबंधी कार्य में भी बाधा उत्पन्न की। आरोप है कि वीडियो आदि बनाते समय एक मोबाइल गिरकर टूट गया। इसके बाद उन्होंने अस्पताल की पुलिस चौकी को अवगत कराया। पुलिस हस्तक्षेप के बाद प्रसूता को बेहतर उपचार के लिए अन्यत्र ले जाया जा सका।

डॉक्टर ने आरोप लगाया है कि प्रसूता के परिजन व भीड़ से कुछ लोग उन्हें धमकी देकर गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक संजीव सक्सेना का कहना है कि अस्पताल में हुई घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि घटना में संलिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध नोटिस व डॉक्टरों की एक टीम भी गठित की जा चुकी है और अस्पताल में लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग को आधार बनाते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# 78 साल से गन्दगी में जीने को मजबूर ग्रामीण



एनएनआई

**पिनाहट।** ब्लॉक पिनाहट की ग्राम पंचायत क्योरी के उपगांव क्योरी बींच का पुरा के निवासी आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। लगभग 3000 की आबादी वाला यह गांव आजादी के 78 वर्षों बाद भी एक पक्के मुख्य मार्ग के लिए तरस रहा है। गांव का मुख्य मार्ग इन दिनों दलदल में तब्दील हो चुका है, जिससे ग्रामीणों का रोजमर्रा का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। छात्र-छात्राएं कीचड़ में फिसलकर चोटिल हो रहे हैं वहीं बुजुर्गों और महिलाओं को राशन लाने जैसी जरूरतों के लिए इस दलदल से होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला।

ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के बाद से लेकर अब तक न जाने कितने जनप्रतिनिधि आए और गए, लेकिन किसी ने इस सड़क की सुध नहीं ली। विकास के नाम पर हर बार केवल वादे किए गए जिनका धरातल पर कोई असर नहीं दिखा ग्रामीणों ने अब प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाए ताकि वे भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। उनका कहना है कि अगर जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# कार की टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

एनएनआई

**कुसमरा/मैनपुरी।** सौरिख मार्ग पर जवापुर में सचिवालय के पास में साइकिल सवार को ईको कार चालक ने टक्कर मार दी। मेडीकल कालेज सैफई में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई जवापुर निवासी रामसनेही पुत्र छदामी लाल दिवाकर साइकिल से अपने खेत जा रहा थे तभी कुसमरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ईको कार यूपी 83 डीटी 6839 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि साइकिल 500 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज सुग्रीव सिह ने घायल को स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने गम्भीर हालत के चलते मेडिकल कालेज सैफई रैफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गयी। मौत की सूचना पर परिवार मे कोहराम मच गया पुलिस ने ईको कार को कब्जे में ले लिया है।

# अखिलेश यादव के होर्डिंग्स को किया क्षतिग्रस्त, आक्रोश

एनएनआई



**एटा।** एटा में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के मौके पर सड़को के किनारे लगाए गए होर्डिंग्स को अराजक तत्वों के द्वारा फाड़े जाने का मामला प्रकाश में आया है। उसके बाद सपाइयों ने एकत्रित होकर एटा के एस.एस.पी श्याम नारायण सिंह को लिखित शिकायत पत्र सौंपते हुए। अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। वही अलीगंज विधान सभा क्षेत्र के धुमरी और जैथरा में लगाए गए बैनर पोस्टरों को अराजक तत्वों ने फाड़ दिया वही अराजक तत्वों की इस हरकत से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में खासी नाराजगी है सैकड़ो की संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता आज एटा के कलेक्ट्रेट पर धरना स्थल पर एकत्रित हुए और जिला अध्यक्ष परवेज जुबैरी के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह को लिखित ज्ञापन सौंपा। सपा कार्यकर्ताओं ने कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर शरारती तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग कर रहे है।मामले पर जिला अध्यक्ष परवेज जुबेरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 जुलाई 2025 को हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने बड़े ही उत्साह पूर्ण मनाया था। जनपद भर में तमाम बैनर पोस्टर होर्डिंग लगाए गए अराजक तत्वों ने बैनर पोस्टर होर्डिंग्स को फाड़ दिया

सपाइयों ने ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की है सपा के जिलाध्यक्ष और पदाधिकारियों सहित सैकड़ो सपाई शामिल रहे।

# विद्यालयों की पेयरिंग व मर्जर का विरोध

एनएनआई



**कासगंज।** परिषदीय विद्यालयों में कम छात्र संख्या को आधार मानकर विद्यालयों के किए जा रहे मर्जर के विरोध में प्रांतीय अध्यक्ष विनय तिवारी के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ समिति कासगंज ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह को सौंपा। जिला संयोजक विकास सिंह एवं उनके प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से पेयरिंग की कार्यवाही को शिक्षा के अधिकार कानून का हनन बताया है। गांव के प्रत्येक बच्चे को नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करना उनका अधिकार है। पेयरिंग व मर्जर की प्रक्रिया को वैधानिक रूप से गलत बताया गया है ज्ञापन के माध्यम से इस प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाए जाने हेतु अनुरोध किया गया। बेसिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने ज्ञापन को अति शीघ्र मुख्यमंत्री के समक्ष पहुंचाने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में जिला संयोजक विकास सिंह,सह संयोजक अंकित उपाध्याय,अंशुल गुप्ता,अनुज प्रताप,चंद्रगुप्त, ललित, पंकज, पुष्पेंद्र राठौर, विकास राठौर, शरद यादव, संजीव कुमार, विपनेश आदि मौजूद रहे।

# एसएसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

एनएनआई

**एटा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्याम नारायण सिंह द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा परेड में सम्मलित सभी पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी और कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की निर्धारित वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के पश्चात सभी पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई। परेड के दौरान अनुशासन व एकजुटता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। परेड के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा पीआरवी-112 के वाहनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रत्येक वाहनों के लाईट, हूटर व पीए सिस्टम आदि की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी। रिस्पॉन्स टाइम सही रखने हेतु सख्त हिदायत दी गयी। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा मेंस,कैंटीन,बैरक,पुलिस आवासीय परिसर तथा रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन एटा का निरीक्षण कर परिसर की समस्त व्यवस्था,बैरक,साफ सफाई आदि का जायजा लिया। तथा आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों से वार्ता कर उनकी मूलभूत सुविधाओं और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली गई। सभी कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ साथ उनके रहने खाने-पीने एवं अन्य समास्याओं के सम्बन्ध में जानकारी कर समस्या का निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी सकीट सुश्री कीर्तिका सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षुओं अवनीश कुमार, प्रतिसार निरीक्षक किशनलाल गौतम सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## संपादकीय

# सियासत के चक्रव्यूह में हिंदी




महाराष्ट्र में कभी हिंदी विरोध मजबूत मुद्दा नहीं रहा। विडंबना तो यह है कि मुंबई हिंदी फिल्म उद्योग का केंद्र है, जिसने आम जन के स्तर पर हिंदी को फैलाने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई है। मगर ताजा हालत यह है कि राज्य की भाजपा सरकार ने त्रिभाषा फॉर्मूले के तहत दो बार स्कूलों में हिंदी पढ़ाने का निर्णय लिया और दोनों बार उसे कदम वापस खींचने पड़े। महाराष्ट्र में हिंदी सियासत के चक्रव्यूह में फंस गई है। जोड़ने वाली ये भाषा वहां एक विभाजन रेखा बन गई है। अप्रैल में उसने मराठी और अंग्रेजी के अलावा हिंदी की पढ़ाई अनिवार्य करने की कोशिश की थी। मगर भारी विरोध के कारण ये आदेश उसे वापस लेना पड़ा। तो ताजा मामले में उसने बैक डोर का सहारा लिया। 17 जून को जारी सरकारी आदेश में उसने कहा कि जिन स्कूलों में कम-से-कम 20 छात्र किसी अन्य भाषा की पढ़ाई की मांग नहीं करेंगे, वहां तीसरी भाषा के बतौर हिंदी पढ़ाई जाएगी। इस पर फिर विरोध भड़का। इस मुद्दे से खफा ठाकरे बंधु- उद्धव और राज- आपसी मतभेद भुलाने को तैयार हो गए। पांच जुलाई को दोनों ने साझा रैली करने का एलान किया। सिविल सोसायटी संगठनों का उन्हें काफी समर्थन मिलता दिखा। यहां तक कि राज्य सरकार की तरफ से नियुक्त भाषा समिति ने भी फड़णवीस सरकार की भाषा नीति की सार्वजनिक आलोचना कर दी। अंततः देवेंद्र फड़णवीस सरकार को फिर कदम वापस खींचने पड़े हैं प्रदेश की राजनीति में यह मुद्दा जिस तरह से गरमाता जा रहा था, उसे देखते हुए सरकार के पास कोई और विकल्प भी नहीं रह गया था।चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात भी अपना असर दिखा रहा था। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9% और मराठीभाषियों की 42.9% थी जो 2011 में क्रमशः 30.2% और 41% हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76% से 73.4% पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3% से बढ़कर 9.5% हो गया।मतदाताओं का बदलता स्वरूप राजनीति में अघोषित तौर पर जो बदलाव ला रहा था, उसे अचानक ही कथित तौर पर हिंदी लादने के इस फैसले ने मानो अप्रासंगिक कर दिया। न केवल उद्धव और राज ठाकरे इस सवाल पर आक्रामक रूप में सामने आए और कांग्रेस व एनसीपी (शरद पवार) उनके साथ खड़ी रहीं बल्कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी खुलकर इस फैसले का विरोध कर दिया। एकनाथ शिंदे भी इसके पक्ष में नहीं थे। जाहिर है, सरकार इस मुद्दे पर घिर गई थी। ऐसे में उसे इस मुश्किल से निकलने का रास्ता फैसले को वापस लेने में ही दिखा। अब उन्होंने त्रिभाषा फॉर्मूले को लागू करने पर सुझाव देने के लिए एक नई समिति के गठन का एलान किया है। ये घटनाक्रम मिसाल है कि पहचान की जज्बाती सियासत कैसे वहां भी विवाद खड़े कर देती है, जहां इसकी जड़ें मौजूद नहीं होतीं। साढ़े तीन दशकों से चली ऐसी सियासत ने आज भारत में हर कदम पर ऐसे विवाद खड़े कर दिए है। ये विवाद आम जन को आपस में जोड़ने वाले हर पहलू की बलि ले रहे हैं देश में हर व्यक्ति को अपनी भाषा के चयन की आजादी है। जाहिर है कि कोई भी व्यक्ति उसी भाषा को तरजीह देगा, जो उसके लिए सहज होगी। हालांकि, बदलते वक्त के साथ जीवन में बढ़ती जरूरतों के हिसाब से एक से ज्यादा भाषाएं सीखने के महत्त्व को भी नकारा नहीं जा सकता। मगर, भाषा को लेकर विवाद की गुंजाइश क्यों पैदा हो रही है? किसी एक भाषा के लिए दूसरी का विरोध करना कितना तर्कसंगत है, यह सवाल फिर से गूंजने लगा है।दरअसल, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में राज्यों में तीन भाषाएं पढ़ाए जाने की बात कही गई है। इनमें भाषाओं का चयन राज्यों, क्षेत्रों और निश्चित रूप से स्वयं छात्रों की पसंद के आधार पर तय करने की बात कही गई है। बशर्ते तीन भाषाओं में से कम से कम दो भारत की मूल भाषाएं हों।यह बात सही है कि किसी भी राज्य, समाज या व्यक्ति को कोई एक भाषा अपनाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है, लेकिन हिंदी के प्रति एक खास तरह के पूर्वाग्रह का क्या औचित्य हो सकता है? अगर कोई अपनी इच्छा से किसी भाषा का चयन करना चाहे तो उसे रोकना न्यायसंगत नहीं होगा। विद्यालयों में भाषा के चयन का फैसला विद्यार्थियों की रुचि के आधार पर हो तो इससे बेहतर और क्या हो सकता है।



# दोराहे पर भारतीय कूटनीति

## हथियार बिक्री में अमेरिका और रूस का सर्वाधिक ध्यान, पिछलग्गू बनने से लाभ की संभावना नहीं



डॉ. अनिल दीक्षित



अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कोई भी निर्णय भावना से नहीं, स्वार्थ और सामर्थ्य से लिया जाता है। लोकतंत्र की रक्षा, मानवाधिकारों की पुकार या वैश्विक शांति के नाम पर जो कूटनीतिक तंत्र खड़ा किया जाता है, वह दरअसल उन गुप्त स्वार्थों की चादर होता है, जिनमें हथियारों का व्यापार, ऊर्जा संसाधनों पर कब्जा, बाजार विस्तार और रणनीतिक प्रभुता की आकांक्षा छिपी होती है। अमेरिका और रूस जैसे शक्तिशाली राष्ट्र इस कूटनीतिक शतरंज के दो सबसे दक्ष खिलाड़ी हैं, और दोनों की चालों के पीछे उनका राष्ट्रहित स्पष्ट रूप से दिखता है। और, हम दोनों महाशक्तियों के बीच असमंजस में नजर आते हैं।

अमेरिका अक्सर अपनी विदेश नीति को नैतिकताओं की चाशनी में लपेट कर प्रस्तुत करता है। लेकिन इराक, अफगानिस्तान, सीरिया या अब यूक्रेन, हर संघर्ष में एक सामान्य तत्व है- अमेरिकी रक्षा उद्योग का सीधा हित। अमेरिका विश्व का सबसे बड़ा हथियार विक्रेता है। उसके सैन्य-औद्योगिक परिसर की शक्ति इतनी प्रबल है कि वह राष्ट्रपति की नीतियों को भी प्रभावित करता है। यूक्रेन युद्ध भले ही एक सुरक्षा संघर्ष के रूप में प्रस्तुत किया गया हो, लेकिन इससे अमेरिका ने अपने पुराने स्टॉक के हथियारों को खाली किया और नए उत्पादन के लिए अरबों डॉलर की सरकारी मंजूरी हासिल की। यूरोपीय देशों को नाटो के नाम पर हथियार बेचना, एशियाई देशों को चीन के भय से लैस करना, इन सबका उद्देश्य केवल सुरक्षा नहीं है, बल्कि अमेरिका की रक्षा अर्थव्यवस्था को स्थायित्व देना है।

रूस भी इसी युद्ध अर्थव्यवस्था का एक स्तंभ है। वह अपेक्षाकृत सस्ती लेकिन प्रभावशाली हथियार तकनीक मुहैया कराता है, जिससे विकासशील और गैर-पश्चिमी राष्ट्र उसे एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता मानते हैं। भारत, ईरान, वियतनाम और कई अफ्रीकी देश दशकों से रूस पर रक्षा सहयोग के लिए निर्भर हैं। यूक्रेन युद्ध के दौरान, जब पश्चिमी देशों ने रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए, तब रूस ने अपने हथियारों और तेल की बिक्री को चीन और भारत जैसे देशों की ओर मोड़ दिया। यही उसके लिए आर्थिक जीवन रेखा भी बना। इस वैश्विक प्रतिस्पर्धा में हथियार केवल युद्ध के औजार नहीं रह गए हैं, वे अब राजनयिक मुद्रा बन चुके हैं। कोई देश यदि किसी महाशक्ति से रक्षा उपकरण खरीदता है, तो वह केवल हथियार नहीं लेता, वह एक प्रकार की रणनीतिक नजदीकी और वफादारी भी खरीदता है। यही कारण है कि अमेरिका भारत पर लगातार दबाव बनाता है कि वह रूस से एस-400 जैसी रक्षा प्रणाली न खरीदे। और यही कारण है कि रूस भारत को पुराना मित्र कहकर रियायतें देता है।

भारत जैसे देश के लिए यह परिस्थिति जटिल तो है, पर असंभव नहीं। तो फिर करना क्या है? भारत को अब और अधिक यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना होगा। भावनाओं के स्थान पर व्यावहारिकता, और परंपरा के स्थान पर समयानुकूलता की नीति जरूरी है। भारत को अपने रक्षा आयात को बहुपक्षीय बनाना चाहिए—रूस, अमेरिका, फ्रांस, इजरायल और स्वदेशी रक्षा उद्योग के बीच संतुलन बनाकर चलना ही समझदारी होगी। साथ ही, भारत को हथियारों का आयातक ही नहीं, बल्कि निर्यातक भी बनने की दिशा में आत्मनिर्भरता का मार्ग तेजी से अपनाना चाहिए। मेक इन इंडिया के अंतर्गत रक्षा उत्पादन को केवल नारा नहीं, राष्ट्रीय रणनीति का मूल मंत्र बनाना होगा। इसके साथ ही, भारत को ऐसी कूटनीति अपनानी चाहिए जो किसी गुट या ध्रुव पर आश्रित न हो। रूस के साथ रणनीतिक गहराई, अमेरिका से तकनीकी सहयोग, फ्रांस से रक्षा साझेदारी और क्षेत्रीय देशों के साथ सामरिक संतुलन, इन सबको एक बहुस्तरीय संतुलन में पिरोना होगा। चीन की आक्रामकता और पाकिस्तान की अस्थिरता को देखते हुए भारत को अपनी सुरक्षा नीति के साथ विदेश नीति को भी समानांतर रूप से आत्मनिर्भर, स्वाभिमानी और व्यावसायिक बनाना होगा।

कूटनीति अब केवल दस्तावेजों की नहीं, हथियारों और हितों की भाषा में बोली जाती है। भारत यदि इस भाषा को सही समय पर समझे और बोले, तभी वह आने वाले विश्व व्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभा सकेगा।

(लेखक शिक्षाविद हैं।)

# मैं खुद ढूंढती हूं नेगेटिविटी- शनाया कपूर

संजय कपूर की लाडली शनाया कपूर बॉलीवुड में धमाकेदार डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। विक्रांत मैसी के साथ फिल्म आंखों की गुस्ताखियां में डेब्यू से पहले हो रही ट्रोलिंग पर अब शनाया का रिएक्शन आया है।बॉलीवुड में कदम रखने से पहले ही शनाया कपूर सोशल मीडिया की बेरहम दुनिया से दो-चार हो रही हैं। संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी शनाया अपनी पहली फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से सिल्वर स्क्रीन पर दस्तक देने जा रही हैं। लेकिन डेब्यू से पहले ही वो जिस हिम्मत और आत्मविश्वास के साथ ट्रोलिंग का सामना कर रही हैं, वो काबिल-ए-तारीफ है। हाल ही में 'स्क्रीन' के साथ एक इंटरव्यू में शनाया ने सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और नेगेटिव कमेंट्स पर अपनी राय खुलकर रखी। उन्होंने कहा कि वो जानबूझकर सोशल मीडिया पर खुद से जुड़े नेगेटिव कमेंट्स और आर्टिकल्स पढ़ती हैं। उन्होंने कहा, 'मैं जानना चाहती हूं कि लोग मेरे बारे में क्या कह रहे हैं। मुझे लगता है कि ये मेरा फर्ज है कि मैं ऑडियंस की राय को सुनूं।'जहां ज्यादातर सेलिब्रिटीज ऑनलाइन ट्रोल्स से दूरी बनाकर रखते हैं, वहीं शनाया की ये सोच उन्हें खास बनाती है। हालांकि उन्होंने ये भी माना कि कई बार ये कमेंट्स बहुत क्रूर होते हैं, खासकर जब वो उनकी लुक्स, कपड़ों या शरीर को लेकर होते हैं।शनाया ने ये भी कहा कि उन्होंने वक्त के साथ ये समझ लिया है कि किस तरह की बातों को खुद से दूर रखना है और किसे गंभीरता से लेना है। उन्होंने कहा, 'कुछ बातें बहुत पर्सनल होती हैं, जैसे कि बॉडी या ड्रेसिंग को लेकर। लेकिन मैं उन्हें अलग रख देती हूं। मैं कोशिश करती हूं कि अपनी कला को सुधारने के लिए इन्हें एक फीडबैक की तरह लूं।'



# नम्रता ने प्रियंका की फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' को सराहा



प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' की तारीफ उनके कई बॉलीवुड को-एक्टर्स भी कर रहे हैं। हाल ही में साउथ के पॉपुलर एक्टर महेश बाबू की पत्नी और एक्ट्रेस नम्रता शिरोडकर ने प्रियंका की हॉलीवुड फिल्म को लेकर एक सोशल मीडिया पोस्ट की है। नम्रता की पोस्ट पर प्रियंका चोपड़ा ने भी रिएक्शन दिया है। नम्रता शिरोडकर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। पोस्ट में नम्रता ने लिखा है, 'आप फिल्म में बहुत अमेजिंग थीं प्रियंका चोपड़ा। आपने धमाल मचा दिया। मुझे फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट्स' बहुत पसंद आई।' नम्रता की इस पोस्ट पर प्रियंका चोपड़ा ने भी रिएक्ट किया, उनकी पोस्ट को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लगाया। साथ ही नम्रता के लिए एक मैसेज भी लिखा, 'शुक्रिया क्वीन, नम्रता शिरोडकर।' बताते चलें कि प्रियंका चोपड़ा, नम्रता शिरोडकर के पति और एक्टर महेश बाबू के साथ एक साउथ फिल्म कर रही हैं। इस मेगा बजट फिल्म में प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में हैं। फिल्म को एस.एस. राजामौली निर्देशित कर रहे हैं। पिछले दिनों इस फिल्म की शूटिंग के लिए प्रियंका भारत भी आई थी। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी जानकारी प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी। पिछले दिनों प्रियंका ने हिंदी फिल्मों में वापसी को लेकर एक इशारा किया। हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा, 'मैं हिंदी फिल्मों को बहुत मिस करती हूं और इंडिया को भी।' इस बयान के बाद प्रियंका के भारतीय फैंस को उम्मीद जगी है कि वह जल्द ही किसी बॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी।

# हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम में जगह बनाकर दीपिका ने रचा इतिहास



दीपिका पादुकोण सिनेमा जगत में पहले ही काफी नाम कमा चुकी हैं, कई बड़े अचीवमेंट्स उनके नाम हो चुके हैं. वहीं अब दीपिका कुछ ऐसा कर दिखाया है जो भारतीय सिनेमा के इतिहास में आज तक किसी एक्टर ने नहीं किया. दरअसल दीपिका का नाम उन ग्लोबल स्टार्स में शामिल हो गया है जिन्हें अगले साल यानि 2026 में हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम सम्मान से नवाजा जाएगा. इसी के साथ ये सम्मान पाने वाली दीपिका पहली इंडियन सेलेब्रिटी बन जाएंगी. रिपोर्ट्स के मुताबिक हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम के लिए बिलबोर्ड ने नए नामों की लिस्ट को ऑफिशियल कर दिया है. इस लिस्ट में बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने अपनी जगह बनाकर इतिहास रच दिया है क्योंकि वे पहली इंडियन सेलेब्रिटी हैं जिन्हें ये सम्मान मिला है. उन्हें अगले साल 2026 में हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा, इसका अनाउंसमेंट 3 जुलाई को कर दिया गया है. उनके साथ ही इस लिस्ट में मैरियन कोटिलार्ड, एमिली ब्लांट, शेफ गॉर्डन रामसे, रेचल मैकएडम्स, माइली साइरस जैसे स्टार्स शामिल हैं. हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम कैलिफोर्निया की मशहूर टूरिस्ट लोकेशन है. 15 ब्लॉक की इस जगह में अभी तक 2500 से ज्यादा स्टार्स के नाम लगाए जा चुके हैं जिसमें एक्टर्स, सिंगर्स, डायरेक्टरस, फिल्ममेकर्स के नाम शामिल हैं. इस फेमस टूरिस्ट अट्रैक्शन पर हर साल लाखों की संख्या में लोग घूमने के लिए आते हैं. अब इसमें दीपिका का नाम भी शामिल हो गया है जिन पर भारत को गर्व है.रिपोर्ट के अनुसार इन सेलेब्स को हॉलीवुड चैंबर ऑफ कॉमर्स के वॉक ऑफ फेम पैनल द्वारा 20 जून को आयोजित एक बैठक के दौरान सैकड़ों नॉमिनेशन में से चुना गया था. 25 जून को चैंबर के निदेशक मंडल द्वारा आधिकारिक रूप से इन नामों की घोषणा की गई. वार्नर ब्रदर्स, टेलीविजन के पूर्व सीईओ और वॉक ऑफ फेम चयन समिति के अध्यक्ष पीटर रोथ ने कहा, हम 35 चुने गए नामों की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं, जिन्हें क्लास ऑफ 2026 के हिस्से के रूप में वॉक ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा.

## शुभमन गिल की कप्तानी पारी ने दिग्गजों को पीछे छोड़ा

# 269 रन बनाकर लगाई रिकॉर्ड्र्स की झड़ी



**बर्मिंघम।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच दूसरे दिन पहली पारी में 269 रन बनाकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। इस सीरीज में गिल शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और वह तीन पारियों में 424 रन बना चुके हैं। गिल ने लीड्स टेस्ट में 147 रन की पारी खेली थी और अब एजबेस्टन में दोहरा शतक लगाया। गिल ने 387 गेंदों की अपनी पारी में 30 चौके और तीन छक्के लगाए। गिल की शानदार पारी के दम पर भारत पहली पारी में 587 रन बनाने में सफल रहा। गिल के अलावा रवींद्र जडेजा और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अर्धशतक लगाए। गिल और जडेजा ने शानदार बल्लेबाजी की और छठे विकेट के लिए 203 रन जोड़े। इसके बाद गिल ने वॉशिंगटन सुंदर के साथ पारी आगे बढ़ाई और अपने करियर का पहला दोहरा शतक लगाया। दूसरे दिन के खेल की समाप्ति तक इंग्लैंड ने पहली पारी में तीन विकेट पर 77 रन बनाए हैं और वह अभी भारत से 510 रन पीछे चल रहा है। गिल ने अपनी ऐतिहासिक पारी से कई रिकॉर्ड बनाए और दिग्गजों के क्लब में शामिल हुए।

# दूसरे दिन का खेल समाप्त, इंग्लैंड का स्कोर 77/3

## भारत से फिलहाल 510 रन पीछे

बर्मिंघम। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। भारत की पहली पारी दूसरे दिन 587 रन पर ऑलआउट हुई थी और भारत ने अच्छी शुरूआत करते हुए इंग्लैंड के तीन विकेट गिरा दिए। हालांकि, हैरी ब्रूक और जो रूट ने चौथे विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी कर इंग्लैंड को संभाला। दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने पहली पारी में तीन विकेट पर 77 रन बनाए हैं और वह अभी भारत से 510 रन पीछे चल रही है। स्टंप्स के समय ब्रूक 30 और रूट 18 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। जसप्रीत बुमराह के बिना खेलने उतरी भारतीय टीम को आकाश दीप ने दोहरी सफलता दिलाई। उन्होंने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लेकर इंग्लैंड को शुरूआती झटके दिए। आकाश ने पहले शुभमन गिल के हाथों कैच कराकर बेन डकेट को आउट किया और फिर अगली ही गेंद पर ओली पोप को पवेलियन भेजा। डकेट और पोप खाता खोले बिना आउट हुए। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने जैक क्रावली को आउट कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। क्रावली 30 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 19 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले, कप्तान गिल के दोहरे शतक के दम पर भारत बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहा। गिल ने पहले रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर 203 रनों की साझेदारी की और फिर वॉशिंगटन सुंदर के साथ 140+ रनों की साझेदारी की।



## शुक्रवार, 04 जुलाई राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक लेकिन व्यस्तता में बीतने वाला है। आपको आज कुछ नया और रोमांचक काम करने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपको आज विपरीत लिंगी सहकर्मियों से सहयोग प्राप्त होगा।

वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन कुल मिलाकर सामान्य रहेगा। कार्यस्थल पर आपकी जिम्मेदारी आज बढ सकती है। परिवार में आपको आज सगे संबंधियों से सहयोग मिलेगा। लव लाइफ के मामले में आज का दिन अनुकूल रहेगा लेकिन फिर पर आपको वाणी पर कंट्रोल रखना होगा।

मिथुन राशि के जातक आज अपने कामकाज को लेकर तत्पर रहेगे। लव लाइफ और वैवाहिक जीवन में आज स्थिति को संतुलित बनाए रख पाएंगे। जीवनसाथी से आपको प्रेम और सहयोग मिलेगा। आप अपना रुका हुआ पैसा पाकर बहुत खुश होंगे।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आपको एक से अधिक स्त्रोतों से आय प्राप्त होती दिख रही है। लेकिन आपको आज उतावलेपन और क्रोध में आकर कोई भी गलती करने से बचना होगा। आप खुद से ज्यादा दूसरों के बारे में सोचेंगे, तो यह आपके लिए नुकसानदायक होगा इसलिए आपको अपने काम पर फोकस करना चाहिए।

सिंह राशि के लिए आज चंद्रमा का तुला राशि में गोचर करना शुभ फलदायी होगा। बिजनेस करने वाले जातक कोई बड़ी डील फाइनल होने से खुश होंगे। आपको आज परिवार के किसी सदस्य की ओर से भी अच्छी खबरें सुनने को मिल सकती हैं।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। आपके लिए जरूरी है कि आप आज अपने कामकाज पर फोकस करें और प्लानिंग के हिसाब के काम करें। एक साथ कई काम में हाथ डालना नुकसानदायक होगा।

आज का दिन तुला राशि के जातको के लिए आज मिश्रित रहने वाला है। किसी भी काम में सफलता पाने के लिए आपको आज बहुत ही सावधानी पूर्वक प्रयास करना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आज किसी पर भी अधिक भरोसा करने से बचें, कोई मित्र बनकर धोखा दे सकता है।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन सकारात्मक और अनुकूल रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में आज वरिष्ठ लोगों से सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आपको आर्थिक लाभ और पद प्रतिष्ठा की भी प्राप्ति हो सकती है। परिवार के सदस्यों के साथ आपका आज तालमेल बना रहेगा।

धनु राशि के लोगों के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज जल्दबाजी में कोई भी काम करने से बचना चाहिए। सितारे कहते हैं कि आज आपकी चूक से आपको नुकसान हो सकता है। वैसे आज आपको घर के बड़ों से सहयोग और लाभ भी मिल रहा है।

मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अनुकूल रहेगा। आपके सितारे बताते हैं कि आपको कोई चाहत और मनोकामना आज पूरी हो सकती है। परिवार के सदस्यों से आपको आज सपोर्ट और सहयोग प्राप्त होगा।

कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन बहुत ही शुभ फलदायी रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को आज कोई अच्छा अवसर मिल सकता है। आपके कार्यक्षेत्र में आज कुछ सकारात्मक बदलाव हो सकता है।

मीन राशि के लोगों के लिए आज का दिन खचीर्ला रह सकता है। आपको आज कुछ पेंडिग बिल और भुगतान करना होगा। आपके परिवार के किसी सदस्य को आज नौकरी में कोई सफलता मिलने की खुशी होगी। परिवार के सदस्यों के बीच आज तालमेल बना रहेगा। आपको आज किसी पुराने मित्र या परिचित से मिलने का मौका मिलेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# तीन लोक विधान के दूसरे दिन मांडले की मंगल शुरूआत, श्रद्धालुओं में उमंग



एनएनआई

**आगरा।** राजा मंडी स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे तीन लोक विधान के दूसरे दिन मांडले की विधिवत शुरूआत हुई। सर्वप्रथम मांडले की शुद्धि क्रिया के साथ कलश स्थापना की गई। यह सौभाग्य अखिलेश जैन, अर्चना निशांत जैन, दिलीप जैन परिवार (राजा मंडी), संगीता जैन व मीनू जैन (गोकुलपुरा) को प्राप्त हुआ। मुख्य कलश स्थापना का सौभाग्य अनिल कुमार व सुनील कुमार जैन (तरकारी गली) को मिला। इसके पश्चात अष्ट प्रतिहार्य, अष्ट द्रव्य और अष्ट ध्वजा की स्थापना में श्रद्धालुओं का विशेष उत्साह देखने को मिला। विधान पूजन के प्रमुख पात्रों में सौधर्म इन्द्र बने विपिन जैन व पूजा जैन, यज्ञ नायक मोहतास जैन व मंजू जैन, कुबेर बने अजय जैन व ममता जैन, सनत कुमार इन्द्र निखिलेश वंदना जैन रहे। दीप प्रज्वलन का सौभाग्य अभय कुमार व रेखा जैन को मिला। समस्त धार्मिक क्रियाएं पं. अरुण शास्त्री के निर्देशन में पूर्ण हुईं। संचालन निशांत जैन ने किया। आयोजन में मंदिर समिति, महिला मंडल व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी राहुल जैन ने बताया कि तीसरे दिन प्रातः 7 बजे अभिषेक एवं विधान होगा।

# प्रभा हॉस्पिटल में शुरू हुई ओपन हार्ट सर्जरी, अपोलो-मैक्स के विशेषज्ञ दे रहे सेवाएं



एनएनआई

**आगरा।** सिकंदरा बाईपास स्थित प्रभा हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर में हृदय रोगियों के लिए अत्याधुनिक उपचार सुविधाएं शुरू हो गई हैं। मंगलवार को अपोलो हॉस्पिटल के वरिष्ठ कार्डियक सर्जन डॉ. वरुण बंसल और मैक्स हॉस्पिटल के डॉ. नीरव बंसल ने ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. बीके सिंह ने बताया कि अब यहां ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। डॉ. वरुण बंसल ने बताया कि यहां बाईपास सर्जरी, हार्ट वाल्व सर्जरी, दिल में छेद की सर्जरी, छाती के ट्यूमर और नसों की रुकावट से जुड़ी वैस्कुलर सर्जरी अत्याधुनिक तकनीक से की जाएगी। साथ ही, गंभीर हृदय और फेफड़ों की समस्याओं के लिए एकमो सुविधा भी शुरू की जा रही है, जो सीवियर निमोनिया जैसे मामलों में कारगर होगी। एमडी क्रिटिकल केयर डॉ. प्रियांक सिंह ने उन्नत क्रिटिकल केयर सेवाओं की जानकारी दी। सर्जन टीम में डॉ. बीजू पिल्लई, डॉ. जीवा विजयन, डॉ. आदित्य बसोलिया और डॉ. विकास सिंह शामिल हैं।

# श्री सर्वतोभद्र जिनालय का वेदी शिलान्यास कल, कमला नगर में पत्रिका विमोचन




एनएनआई

**आगरा।** बल्केश्वर स्थित श्री सर्वतोभद्र जिनालय में 5 जुलाई को भव्य वेदी शिलान्यास समारोह आयोजित होगा। यह आयोजन समाधिस्थ राष्ट्रसंत आचार्य विरागसागर महाराज के प्रथम समाधि दिवस की श्रद्धांजलि स्वरूप होगा। कार्यक्रम उपाध्याय विहसंतसागर महाराज व मुनि विश्वसौम्यसागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में संपन्न होगा। इस संबंध में बुधवार को कमला नगर स्थित आचार्य विद्यासागर संत निलय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजन समिति ने पत्रिका का विमोचन किया। आगरा दिगंबर जैन परिषद अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जैन ने बताया कि 4 जुलाई को आचार्य का प्रथम समाधि दिवस मनाया जाएगा। मुख्य संयोजक मनोज जैन बाकलीवाल ने बताया कि 5 जुलाई को सुबह 10 बजे लक्ष्मी मंदिर, बल्केश्वर में ध्वजारोहण, चित्र अनावरण, पंडाल उद्घाटन और वेदी शिलान्यास की मांगलिक क्रियाएं संपन्न होंगी। इस अवसर पर समिति के मनोज जैन बाकलीवाल, जगदीश प्रसाद जैन, राजीव जैन बैंक, पंकज, रजत, विष्णु, मनीष, कमल, आकाश, अलकृंत, सुभाष जैन, मनीष लालू भाई और मीडिया प्रभारी शुभम जैन सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# शिवम पार्क में सजेगा जनक महल

## सासंद नवीन जैन बोले-300 कार्यकर्ता होंगे तैनात
## मुरारी अग्रवाल ने कहा-हर गली में होगा विकास



एनएनआई

**आगरा।** कमला नगर के बी ब्लॉक स्थित शिवम पार्क में इस बार भव्य और अलौकिक जनक महल सजेगा। जनकपुरी महोत्सव समिति की गुरुवार शाम सेलिब्रेशन रेस्टोरेंट में हुई बैठक में इसकी घोषणा करते हुए महामंत्री बनाए गए पार्षद प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि स्टैंडिंग कमेटी के मंथन के बाद शिवम पार्क को चुना गया है। बैठक में राज्यसभा सदस्य और समिति के मुख्य संरक्षक नवीन जैन ने पार्षद पंकज अग्रवाल और नितिन कोहली को संयोजक घोषित किया। उन्होंने कहा कि महोत्सव के सफल संचालन के लिए 300 कार्यकताओं की जरूरत है। इच्छुक लोग अपना नाम समिति में दर्ज करा सकते हैं। समिति अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल (एकता बिल्डर्स) ने कहा कि जनकपुरी महोत्सव के तहत कमला नगर की हर गली, सड़क और कोने में लाइटिंग, सीवर, सफाई और निर्माण जैसे सभी विकास कार्य कराए जाएंगे। मंच पर राजा जनक राजेश अग्रवाल, महामंत्री उमेश कंसल, कोषाध्यक्ष रामरतन मित्तल, विशिष्ट संरक्षक चौधरी विजेंद्र सिंह, भगवान रैपुरिया, समन्वयक सत्य प्रकाश गुप्ता और सलाहकार विजय अग्रवाल (हुंडी वाले) मौजूद रहे। इसके अलावा पार्षद मुरारीलाल गोयल, हरिओम गोयल, अनिल अग्रवाल (बैंक), राकेश अग्रवाल (आकांक्षा), रामगोपाल गोयल, रंगेश त्यागी, मोहित अग्रवाल, कृष्ण कुमार गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, आशीष मित्तल, नीरज अग्रवाल, हरीश शर्मा गुड्डू, पवन अग्रवाल, अरुण जैन, के-के अग्रवाल, अनिल अग्रवाल (एडवोकेट), प्रवीण अग्रवाल, संजय चौहान, नवल तिवारी, जितेंद्र तिवारी (बबलू), महिला समिति की सीमा अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, मीनू त्यागी, श्वेता बंसल, रुचि अग्रवाल, चारू गर्ग भी प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

